हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, गुरुवार 13 नवंबर 2025
[ बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया ]


तापमान
अधिकतम 28.6 डिग्री
न्यूनतम 12.4 डिग्री




## खबर संक्षेप

### कांग्रेस 14, 16 व 17 को करेगी घेराव

**बिलासपुर।** जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष विजय केशरवानी ने बताया कि बिलासपुर रेलवे को सबसे ज्यादा आय देने वाला है और काफी संघर्ष के बाद रेलवे जोन बना है। बिलासपुर में जो रेल दुर्घटना हुई है उसे लेकर कांग्रेस 14 नवंबर को रेलवे जीएम का घेराव करेगी। इसी तरह 16 नवंबर को सड़क के मुद्दे पर घेराव किया जाएगा, क्योंकि स्मार्ट सिटी से 70 करोड़ की लागत से बिना जरूरत के बिलासा ताल के सामने नदी में सड़क में बनाया गया है। इसके अलावा 17 नवंबर को सेंट्रल यूनिवर्सिटी का घेराव एक छात्र की संदिग्ध मौत मामला को लेकर किया जाएगा। यह आंदोलन एनएसयूआई के बैनर तले होगा, जिसमें कांग्रेस पार्टी शामिल होंगी।

### जेडी ने डीईओ को जारी किया नोटिस

**बिलासपुर।** राज्य शासन को गलत जानकारी देने के मामले में संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग बिलासपुर ने जिला शिक्षा अधिकारी बिलासपुर विजय टांडे को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। डीईओ को जारी नोटिस में लिखा है कि 10 नवंबर को संयुक्त संचालक कार्यालय में निःशुल्क पाठ्यपुस्तक शत प्रतिशत वितरण की जानकारी एवं कोई भी विद्यार्थी निःशुल्क पाठ्यपुस्तक से वंचित नही है का प्रमाण पत्र दिया गया है। इसके बाद भी लेकिन उसी दिन शाम 4 बजे संचालनालय द्वारा आयोजित वीसी में अतिरिक्त पाठ्यपुस्तक की मांग की गई। इस तरह दोनों जानकारियों में विरोधाभास है। जिसके कारण संभाग की छवि राज्य स्तर में धूमिल हुई है। स्पष्टीकरण का जवाब संतोषप्रद नहीं होने की स्थिति में अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

### सिविल जज भर्ती परीक्षा के आवेदन 15 तक

**बिलासपुर।** सिविल जज भर्ती के लिए मुख्य परीक्षा 21 दिसंबर को होगी। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की ओर से इसका शेड्यूल जारी कर दिया गया है। इसके लिए कुल 661 अभ्यर्थियों को चिंहित किया गया है। इधर, मुख्य परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन 31 अक्टूबर से 15 नवंबर तक किए जाएंगे।

### फिजियोथैरेपिस्ट भर्ती दावा आपत्ति 18 तक

**बिलासपुर।** जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा के अंतर्गत संचालित समावेशी शिक्षा के तहत फिजियोथैरेपिस्ट के पद पर प्राप्त आवेदनों का विस्तृत विवरण एनआईसी की वेबसाईट में प्रकाशित किया गया है। यदि किसी आवेदक के विवरण में कोई विसंगति है तो आवेदक 18 नवम्बर तक प्रमाण सहित दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

### ऑयल एक्सट्रेक्शन यूनिट के लिए आवेदन 20 तक

**बिलासपुर।** केंद्रीय योजना नेशनल मिशन ऑन इडिबल आयल- ऑयल सीड्स के अंतर्गत जिले में तेल निकालने की मशीन ऑयल एक्सट्रेक्शन यूनिट स्थापित करने के लिए रुचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित की गई है। इस योजना के तहत 10 टन क्षमता की मशीन स्थापित करने का प्रस्ताव है। योजना के अंतर्गत यूनिट की लागत पर अनुदान 33 प्रतिशत अधिकतम 9.90 लाख रुपए प्रदान किया जाएगा। इच्छुक कृषक उत्पादक संगठन एफपीओ, बीज उत्पादक सहकारी समितियां, सरकारी एवं निजी उद्योग प्रतिष्ठान 20 नवम्बर शाम 5 बजे तक आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं। आवेदन पत्र आवश्यक दस्तावेज के साथ स्पीड पोस्ट या रजिस्टर डाक के माध्यम से उप संचालक कृषि को भेज सकते है। आवेदन से संबंधित विस्तृत जानकारी कार्यालय के सूचना पटल पर उपलब्ध है।

## सुप्रीम कोर्ट से स्टे मिलने तक मिशन अस्पताल परिसर में तोड़फोड़ बुधवार को भी जारी रही

# 1934 में बना नर्सिंग स्कूल और बच्चों का अस्पताल जमींदोज, जमकर हंगामा, विवाद व धक्का-मुक्की

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मिशन हास्पिटल परिसर में तोड़फोड़ पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगाते हुए यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया है। साथ ही शासन को एक सप्ताह में स्थिति स्पष्ट करने और एक महीने में प्रक्रिया पूरी करने कहा है। हालांकि इस आदेश की कापी मिलने तक दोपहर 3 बज चुके थे और प्रशासन की टीम का हथौड़ा 90 साल पुरानी दो बिल्डिंगों और 30 से अधिक मकानों पर चल चुका था। 1934 में बनी नर्सिंग स्कूल वाली पीली बिल्डिंग और बच्चों के अस्पताल वाली लाल बिल्डिंग को तोड़ दिया गया। साथ ही प्रशासन की ओर से पूरे भवन और परिसर को भयप्रद और संरक्षित घोषित कर दिया गया है। पूरा परिसर भी सील ही रखा गया है। इस दौरान बुधवार सुबह से लेकर शाम तक जमकर हंगामा मचता रहा।

हाईकोर्ट के फैसले के बाद मिशन अस्पताल परिसर में मंगलवार से जारी तोड़फोड़ बुधवार सुबह से भी जारी थी। यहां के मुख्य बंगले और निवासरत 32 परिवारों को बेदखल कर उनके आवासों को ढहाने के बाद बुधवार को हॉस्पिटल भवन के पीछे की बिल्डिंग पर बुलडोजर चलाने कार्रवाई की गई, इतने में बाहर खड़े उत्तेजित मिशन परिसर के रहवासियों ने अंदर प्रवेश करने की कोशिश की।

इनका कहना था कि सुप्रीम कोर्ट से स्टे के बाद भी प्रशासन की टीम तोड़फोड़ कर रही है। दूसरी ओर बुधवार को भी ईदगाह चौक से लेकर लखीराम ऑडिटोरियम तक बैरिकेडिंग की गई थी। पुलिस और प्रशासन के अधिकारी अलर्ट पर रहे तो जवानों की भारी तैनाती रही। किसी को भी परिसर के अंदर जाने की इजाजत नहीं थी।




### महिलाओं ने लगाया दुर्व्यवहार का आरोप, अलर्ट पर रहा प्रशासन, जवानों की भारी तैनाती रही







**बार-बार झड़प की स्थिति बनती रही**

हाईकोर्ट की ओर से याचिका खारिज किए जाने के बाद निगम प्रशासन ने अतिक्रमण हटाना शुरू कर दिया था। इसी बीच क्रिश्चियन वीमेंस बोर्ड ऑफ मिशन ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की। बुधवार को जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने मामले की सुनवाई की और मिशन बोर्ड को अंतरिम राहत प्रदान की। सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि निर्माण और कब्जे को लेकर मौजूदा स्थिति बरकरार रहेगी। साथ ही आदेश की कॉपी फौरन बिलासपुर कलेक्टर को भेजने का निर्देश दिए। इसे लेकर बड़ी संख्या में मसीही समाज के लोग मौके पर पहुंचे और दिन भर प्रदर्शन करते रहे। इस दौरान मौके पर भारी पुलिस बल तैनात था, लेकिन लोगों और पुलिस के बीच बार-बार झड़प की स्थिति बनती रही। इधर रहवासी सपना मसीह, अरशग हुशैन ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट में स्टे के लिए याचिका लगाई थी। 12 बजे मौखिक रूप से आदेश आ चुका था, लेकिन कॉपी आने में टाइम लग गया। प्रशासन से अनुरोध भी किया गया लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।

### दीवार फांदकर घुसे लोगों को बाहर निकाला

इधर बुधवार को सुप्रीम कोर्ट से स्टे मिलने की जानकारी के बाद मिशन अस्पताल परिसर में रह रहे लोगों ने अंदर प्रवेश करने की कोशिश की। पुलिस, निगम और प्रशासन की टीम ने इन्हें रोक दिया। इस दौरान जमकर हंगामा, विवाद और धक्का मुक्की हुई। महिलाओं और युवतियों ने प्रशासन पर दुर्व्यवहार का आरोप लगाते हुए कोर्ट के आदेश की अवहेलना की भी बात कही। भारी विरोध के बीच तीन युवतियां और कुछ युवक दीवार फांदकर परिसर के अंदर घुस गए। तनाव बढ़ा तो सीएसपी निमितेश सिंह दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। कुछ देर बाद निगम कमिश्नर, एसडीएम और तहसीलदार भी मौके पर पहुंच गए। सभी को बाहर निकाला गया जिसके चलते मिशन हास्पिटल परिसर के बाहर देर शाम तक तनाव की स्थिति बनी रही।

### रोक दी गई कार्रवाई

हाईकोर्ट का आदेश प्रशासन के पक्ष में आया था। इसके बाद ही घरों को खाली कराते हुए तोड़फोड़ की जा रही थी। सुप्रीम कोर्ट से स्टे मिलने की जानकारी के बाद मिशन अस्पताल परिसर में किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। कुछ लोगों ने हंगामा किया उन्हें कोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए शांत कराया गया है।

**- अमित कुमार**
निगम कमिश्नर

# मस्तूरी गोलीकांड : जेल में बंद नाबालिग सहित तीन आरोपी 2 दिन की पुलिस रिमांड पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मस्तूरी गोलीकांड में बाल सम्प्रेक्षण गृह व जेल में बंद नाबालिग सहित 3 आरोपियों को पुलिस ने 2 दिन की रिमांड में लिया है। इन सभी से गोली कांड के संबंध में पूछताछ जा रही है। आरोपियों ने पुलिस को बताया है कि फरार गुण्डा बदमाश ने उन्हें जब्त हथियार व जिंदा कारतूस उपलब्ध कराया था।

- **फरार गुण्डा बदमाश ने आरोपियों को उपलब्ध कराया था हथियार**

मस्तूरी गोलीकांड की जांच लगातार जारी है। 12 नवंबर को मस्तूरी पुलिस ने जेल में बंद आरोपी वाम्बे आवास निवासी मो. मतीन उर्फ मोंटू, आरजू उर्फ बायनजीत अनंत व बाल सम्प्रेक्षण गृह में बंद नाबालिग को दो दिन की पुलिस रिमांड लिया है। उनसे जब्त हथियार व जिंदा कारतूस के संबंध में पूछताछ की जा रही है। बताया जाता है पूर्व में पकड़े जाने पर आरोपियों ने पुलिस को बयान दिया है कि मस्तूरी जनपद उपाध्यक्ष किरारी निवासी नितेश सिंह की हत्या करने के लिए तोरवा क्षेत्र के गुण्डा बदमाश नागेन्द्र राय, कांग्रेस नेता दर्रीघाट निवासी तारकेश्वर पाटले, कांग्रेस नेता अकबर खान ने योजना बनाई थी। नागेन्द्र राय के द्वारा आरोपियों को जब्त हथियार व जिंदा कारतूस जब्त कराया गया था।


मस्तूरी में वर्चस्व को लेकर चल रहा दो गुटों में विवाद

हरिभूमि में 29 अक्टूबर को प्रकाशित खबर।

### शूटरों को दी गई थी सुपारी

सूत्रों के मुताबिक, षड़यंत्रकारियों के द्वारा नितेश सिंह की हत्या करने के लिए पेशेवर शूटरों को सुपारी दी गई थी। शूटरों के आने में लेटलतीफी होने पर आनन फानन में गिरफ्तार आरोपियों ने नशे में नितेश सिंह एवं उसके रिश्तेदार व सहयोगियों पर फायरिंग कर दी थी। इधर 16 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस फरार आरोपी नागेन्द्र राय, तारकेश्वर पाटले को नहीं पकड़ पाई है।

**क्या था मामला :** 28 अक्टूबर की शाम 6 बजे मस्तूरी पुराना बस स्टैण्ड चौक नहर के सामने आफिस के बाहर किरारी निवासी जनपद उपाध्यक्ष नितेश सिंह, तुकेश सिंह, चंद्रकांत सिंह, राजू सिंह, तमेश सिंह, बबला सिंह सहित अन्य बैठे थे। दो बाइक में आए नकाबपोशों ने 14 से 15 राउंड फायरिंग कर दिया था। गोली लगने से चंद्रकांत सिंह, राजू सिंह घायल हो गए थे। नितेश सिंह ने लाइसेंसी हथियार से जवाबी फायरिंग की तो हमलावर भाग गए थे।

### रिमांड में लिया

गोलीकांड के बाल सम्प्रेक्षण गृह से नाबालिग व जेल में बंद दो आरोपियों को 2 दिन के पुलिस रिमांड में लिया गया है। गोलीकांड के संबंध में तीनों से पूछताछ की जा रही है।

**- हरीशचंद्र टाण्डेकर** मस्तूरी टीआई

# कोर्ट के नोटिस के बाद चालान नहीं पटाने पर निलंबित होगा वाहनों का रजिस्ट्रेशन

**जब्त होगी गाड़ी** ट्रैफिक पुलिस उठाने जा रही सख्त कदम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अब ट्रैफिक पुलिस ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाने जा रही है। कोर्ट से नोटिस के बाद भी चालान नहीं पटाने पर वाहनों का रजिस्ट्रेशन निलंबित किया जाएगा, साथ ही वाहन की भी जब्ती की जाएगी।

पुलिस मुख्यालय एवं वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार नियमित रूप से यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध आईटीएमएस के माध्यम से आनलाइन चालानी कार्रवाई की जा रही है। निधारित समय पर चालान जमा नहीं करने पर प्रकरण बनाकर कोर्ट में पेश किया जा रहा है। कोर्ट से वाहन मालिकों को कोर्ट में उपस्थित होने के लिए नोटिस जारी किया जा रहा है। उसके बाद भी वाहन मालिक कोर्ट में उपस्थित नहीं हो रहे हैं। कई बार पता परिवर्तन हो जाने के कारण उन्हें नोटिस की तामिली में कठिनाईयां हो रही हैं। ऐसे वाहन मालिक जिनका आनलाइन चालान वर्चुअल कोर्ट वाले मोटरयान अधिनियम में फाइन किया गया है वह प्रत्येक दिवस में सुबह 11 बजे से 3 बजे तक मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के न्यायलय में उपस्थित होकर फाइन अदा कर अपने प्रकरण का निराकरण कर सकते हैं। प्रकरणों के निराकरण में उपस्थित नहीं होने वाले वाहन चालकों वाहन स्वामी कोर्ट में उपस्थित नहीं होने पर प्रकरण में गाड़ी का रजिस्ट्रेशन नम्बर निलंबन की प्रक्रिया की जाएगी। उसके बाद नियमानुसार गाड़ी जब्त की जाएगी।

### रजिस्ट्रेशन सस्पेंड होगा

कोर्ट में कई बार नोटिस भेजने के बाद भी चालान पटाने उपस्थित नहीं होने वाले प्रकरण के वाहन का रजिस्ट्रेशन सस्पेंड कर गाड़ी जब्ती की कार्रवाई की जाएगी।

**- रामगोपाल करियारे**
ट्रैफिक एडीशनल एसपी

## सेंट्रल यूनिवर्सिटीः प्रोफेसरों को प्रभार देकर वर्षों से चलाया जा रहा काम, नैक से ए-डबल प्लस ग्रेडिंग भी मिली

# तीन कुलपति, दो प्रभारी का कार्यकाल गुजरा, रजिस्ट्रार की नहीं हुई नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रदेश के इकलौते सेंट्रल यूनिवर्सिटी गुरु घासीदास यूनिवर्सिटी में अब तक तीन कुलपतियों की पदस्थापना हो चुकी है और बीच में दो प्रभारी कुलपति भी पदस्थ रहे, किन्तु सेंट्रल यूनिवर्सिटी में आज तक रजिस्ट्रार की नियुक्ति नहीं हो पाई है। सेंट्रल यूनिवर्सिटी में सालों से एक के बाद एक प्रोफेसरों को प्रभार देकर काम चलाया जा रहा है। यहां तक बिना पूर्णकालिक रजिस्ट्रार के सेंट्रल यूनिवर्सिटी को नैक से ए-डबल प्लस ग्रेडिंग भी प्राप्त हो गया।

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी वर्ष 2009 में सेंट्रल यूनिवर्सिटी के रूप में अपग्रेड हुआ और सेंट्रल यूनिवर्सिटी के प्रथम कुलपति के रूप में डॉ. लक्षमण चतुर्वेदी की नियुक्ति हुई थी। उनका कार्यकाल समाप्त होने के बाद यूनिवर्सिटी के दूसरे कुलपति के रूप में डॉ. अंजिला गुप्ता की नियुक्ति हुई और पांच वर्ष का कार्यकाल पूरा करने के बाद अंजिला गुप्ता को एक साल का कुलपति पद पर एक्सटेंशन भी मिला था। इस तरह उनका कार्यकाल 6 वर्ष तक था। इसके बाद प्रो. आलोक कुमार चक्रवाल कुलपति नियुक्त हुए और उनका भी कार्यकाल लगभग एक वर्ष बचा है। इस बीच प्रो. एमएसके खोखर और प्रो. एसपी सिंह भी सेंट्रल यूनिवर्सिटी में कार्यवाहक कुलपति रह चुके हैं। लेकिन तीन कुलपति और दो कार्यवाहक कुलपति होने के बाद भी सेंट्रल यूनिवर्सिटी में एक पूर्णकालिक रजिस्ट्रार की नियुक्ति नहीं हुई है। यूनिवर्सिटी में एक के बाद एक सीनियर प्रोफेसरों को रजिस्ट्रार का प्रभार देकर सालों से काम चलाया जा रहा है।




### सात बार प्रोफेसर व एक बार डीआर बने रजिस्ट्रार

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में अभी तक एक डिप्टी रजिस्ट्रार व सात प्रोफेसर रजिस्ट्रार का प्रभार संभाल चुके हैं। गुरु घासीदास यूनिवर्सिटी को जब सेंट्रल यूनिवर्सिटी का दर्जा मिला तब पूर्णकालिक रजिस्ट्रार केके चन्द्राकर पदस्स्थ थे और वे सेंट्रल यूनिवर्सिटी बनने के बाद करीब सालभर रजिस्ट्रार रहे, उसके बाद वे राज्य शासन के सेवा में वापस लौट गए। श्री चन्द्राकर के बाद से यूनिवर्सिटी में पूर्णकालिक रजिस्ट्रार नहीं मिला है। यूनिवर्सिटी में रजिस्ट्रार का पद महत्वपूर्ण प्रशासनिक पद होता है और यूनिवर्सिटी में कुलपति के बाद रजिस्ट्रार ही कोई भी निर्णय लेने के लिए सक्षम होता है। लेकिन सेंट्रल यूनिवर्सिटी में प्रोफेसरों को बदल-बदलकर रजिस्ट्रार का प्रभार देकर काम चलाया जाता रहा है। श्री चन्द्राकर के सेंट्रल यूनिवर्सिटी से जाने के बाद कुछ दिनों के डिप्टी रजिस्ट्रार एचएन चौबे को प्रभार दिया गया था और श्री चौबे के बाद प्रोफेसरों को प्रभारी रजिस्ट्रार बनाने का जो सिलसिला शुरू हुआ वह अभी तक चल रहा है। प्रो. आईडी तिवारी, प्रो. एमएसके खोखर, प्रो. बीएन तिवारी, प्रो. शैलेन्द्र कुमार से लेकर प्रो. मनीष श्रीवास्तव प्रभारी रजिस्ट्रार रह चुके हैं। प्रो. मनीष श्रीवास्तव दो बार रजिस्ट्रार का प्रभार संभाल चुके हैं। वर्तमान में गणित विभाग के सीनियर प्रोफेसर एएस रणदिवे रजिस्ट्रार पद पर कार्यरत हैं।

### सालभर पहले दिल्ली भेजा गया था तीन नामों का पेनल

सेंट्रल यूनिवर्सिटी द्वारा रजिस्ट्रार पद के लिए कई बार विज्ञापन निकाला जा चुका है। सेंट्रल यूनिवर्सिटी बनने के बाद सबसे पहले प्रथम कुलपति डॉ. लक्ष्मण चतुर्वेदी के समय में विज्ञापन निकाला गया था, उसके बाद पूर्व कुलपति प्रो. अंजिला गुप्ता के कार्यकाल में भी इन दोनों पदों के लिए विज्ञापन निकाला गया था। वर्ष 2021 में फायनेंस अफसर और रजिस्ट्रार पद के लिए तीन वर्षों के लिए सावधिक आधार पर नियुक्ति के लिए विज्ञापन निकाला गया था। इनमें से कुछ बार तो प्रक्रिया इंटरव्यू तक पहुंची, उसके बाद यूनिवर्सिटी को योग्य उम्मीदवार नहीं मिले। कुलपति प्रो. आलोक कुमार चक्रवाल के कार्यकाल में भी दो बार रजिस्ट्रार पद के लिए विज्ञापन निकाला गया था और पिछले साल रजिस्ट्रार पद के लिए इंटरव्यू के पश्चात तीन उम्मीदवारों के नामों का पेनल केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय नई दिल्ली को भेजा गया था। लेकिन सालभर बाद भी नियुक्ति का कोई पता नहीं है।

### नाम का पैनल भेजा गया

सेंट्रल यूनिवर्सिटी के प्रथम रजिस्ट्रार की नियुक्ति यूनिवर्सिटी के विजिटर राष्ट्रपति द्वारा की जाती है। पिछली बार रजिस्ट्रार पद के लिए इंटरव्यू पश्चात उम्मीदवारों के नाम का पैनल शिक्षा मंत्रालय दिल्ली भेजा गया था, वहां से अभी कुछ नहीं आया है, इसलिए यूनिवर्सिटी में भी रजिस्ट्रार पद की नियुक्ति का इंतजार किया जा रहा है।

**- प्रो. मनीष श्रीवास्तव,** मीडिया प्रभारी, सीयू

## खबर संक्षेप

### श्रद्धा को दी गई पीएचडी की उपाधि



**बिलासपुर।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान एनआईटी रायपुर के गौरवशाली 16 वें दीक्षांत समारोह में मेधावी शोधार्थी डॉ.श्रद्धा गुप्ता को उनकी उत्कृष्ट शोध के लिए डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी पीएचडी की उपाधि से सम्मानित किया गया। यह समारोह 9 नवम्बर को दीनदयाल उपाध्याय सभागार में आयोजित किया गया, जहां मुख्य अतिथि और अन्य व्यक्तियों की उपस्थिति में उन्हें यह प्रतिष्ठित उपाधि प्रदान की गई। डॉ.श्रद्धा गुप्ता बायोटेक्नोलॉजी विभाग की शोधार्थी थीं। उन्होंने अपना शोध डॉ.अवनीश कुमार और डॉ.डी वसंत के कुशल पर्यवेक्षण में पूरा किया। उनका शोधकार्य बायोपॉलीमेरिक माइक्रोनीडल पैच के डिजाइन, निर्माण और जैविक दवा की ट्रांसडर्मल डिलीवरी के मूल्यांकन पर केंद्रित है। डॉ. श्रद्धा गुप्ता सेवानिवृत्त अतिरिक्त कलेक्टर मनहरण लाल गुप्ता सारंगढ़/अवंती विहार रायपुर की सुपुत्री और लोक निर्माण विभाग के सेवानिवृत्त अधीक्षण अभियंता स्वर्गीय देवेंद्र कुमार चौधरी रायपुर की पुत्रवधु हैं। उनकी यह उपलब्धि उनके परिवार के लिए गौरव का विषय है।

### कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन



**बिलासपुर।** केन्द्रीय पेट्रोरसायन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान सिपेट, कोरबा, रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग, रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन प्लास्टिक्स इंजीनियरिंग के क्षेत्र में प्रशिक्षण प्रदान करने वाला उत्कृष्ट संस्थान हैं। 10 नवम्बर को एचटीपीएस कोरबा द्वारा प्रायोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एचटीपीएस, सीएसपीजीसीएल कोरबा एमके गुप्ता ओएंडएम, अतिरिक्त मुख्य अभियंताए, विशेष अतिथि के रूप में सुधीर पांड्या परियोजना प्रबंधक, सुमित सिंग एसई प्रशिक्षण एवं मनोज मिश्रा ईई प्रशिक्षण उपस्थित रहे। इसमें प्रभावित ग्रामों के 20 प्रशिक्षाणर्थियों को त्रिदिवसीय प्रशिक्षण कार्यकम में प्लास्टिक प्रोडक्ट मैन्युफैक्चरिंग टेक्निक्स इंजेक्शन मोल्डिंग, ब्लो मोल्डिंग इत्यादि के अंतर्गत प्लास्टिक उत्पाद बनाने वाले मशीनो की कार्यप्रणाली, रखरखाव एवं कप्यूटर संचालन आईटीआई प्रशिक्षण के तर्ज पर कन्वेंशनल मशीनिंग और कप्यूटर न्यूमेरिक कण्ट्रोल मशीनिंग पर 20 प्रशिक्षाणर्थियो को दो दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर मुख्य अतिथियों ने बताया कि सिपेट में सीईआर मद के अंतर्गत स्कील अप्रग्रेडेशन का कार्य करती है वह अत्यंत ही सराहनीय कार्य है, साथ ही यहां प्रशिक्षण के लिए उन्नत सुविधाएं विश्वस्तरीय है। सिपेट के साथ टेक्निकल रूप से जुडने एवं भविष्य में इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम के आयोजन के संबंध में हरसंभव प्रयास करने का आश्वासन दिया गया। कार्यक्रम में अतिथियों के द्वारा विस्तृत रूप से प्रशिक्षणार्थियों से चर्चा की गई तथा उनके उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दी गई। सिपेट कोरबा के राजीव कुमार लिल्हारे प्रबंधक तकनीकी के द्वारा सिपेट में संचालित विभिन्न प्रकार के प्रायोजित कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं सिपेट में उपलब्ध अन्य सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार उद्बोधन रजनीश पांडेय ने किया। इसमें सिपेट, कोरबा एवं एचटीपीएस, कोरबा के अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### कान्यकुब्ज ब्राह्मण विकास मंच संगठन चुनाव 16 को

**बिलासपुर।** समाज सेवा में अग्रणी कान्यकुब्ज ब्राह्मण विकास मंच छत्तीसगढ़ का त्रिवार्षिक संगठन चुनाव 16 नवंबर रविवार को सुबह 10 बजे प्रदेश कार्यालय आशीर्वाद भवन भगवान परशुराम मंदिर परिसर तुर्काडीह रोड लोखंडी में होगा। चुनाव अधिकारी मनोहर लाल मिश्र एवं सहायक चुनाव अधिकारी दिनेश बाजपेयी ने बताया कि 30 अक्टूबर को मतदाता सूची का प्रकाशन एवं दावा आपत्ति का निराकारण और 1 नवम्बर को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया। अध्यक्ष पद हेतु नामांकन पत्र 15 नवंबर एवं 16 नवंबर को प्रदेश कार्यालय लोखंडी एवं नगर कार्यलय मध्यनगरीय चौक से प्राप्त किया जा सकता है। नामांकन फार्म 16 नवम्बर को प्रातः 9 बजे से 11 बजे तक आर्शीवाद भवन लोखण्डी में जमा किए जा सकेंगे। इसी दिन 12 से 12.30 बजे स्कूटनी एवं 12.30 से 1 बजे तक नाम वापसी होगी। मतदान 1.30 बजे से 2.30 बजे तक होगा। परिणाम की घोषणा उपरांत नवनिर्वाचित अध्यक्ष द्वारा कार्यकारिणी घोषणा की जाएगी। उपरोक्त जानकारी मंच के प्रदेश संगठन सचिव पं.सुदेश दुबे साथी ने दी।

### मस्तूरी में रावत नृत्य महोत्सव कल

**बिलासपुर।** प्रतिवर्षानुसार रावत नृत्य महोत्सव समिति एवं यादव समाज मस्तूरी द्वारा रावत नृत्य महोत्सव का आयोजन 14 नवंबर की शाम 6 बजे से शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मैदान मस्तूरी में किया गया है।



महोत्सव के मुख्य अतिथि दिलीप लहरिया विधायक मस्तूरी होंगे। समारोह की अध्यक्षता डॉ.सोमनाथ यादव पूर्व अध्यक्ष राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग करेंगे।

---

**एसआईआर** बच्चे परेशान, शिक्षकों को खोज रहे क्योंकि अगले महीने छमाही और 10वीं-12वीं बोर्ड की परीक्षाएं

# शिक्षक बने बीएलओ, हाथों में किताबों की जगह वोटर लिस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिले के स्कूलों में फिलहाल मास्टर नहीं बल्कि बीएलओ दिख रहे हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि बिलासपुर के 6 हजार से अधिक शिक्षकों की ड्यूटी वोटर लिस्ट जांचने में लगा दी गई है। इन शिक्षकों को 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक घर-घर घूमना है। अब सवाल उठता है कि पढ़ाई कौन कराएगा।

छमाही परीक्षा नजदीक है तो बोर्ड परीक्षा सिर पर है लेकिन गुरुजी किताब छोड़कर वोटर खोज रहे हैं। कई स्कूल ऐसे हैं जहां एक भी शिक्षक नहीं बचे हैं। यहां तक कि शिक्षकों को भी नहीं पता है कि गुरुजी लोगों की ड्यूटी कहां लगी है। फिलहाल इन शिक्षकों के हाथों में किताब की जगह मतदाता सूची है तो पढ़ाई ठप है। बच्चे परेशान शिक्षकों को खोज रहे हैं जबकि अगले माह छमाही परीक्षा और फरवरी में 10वीं-12वीं बोर्ड के एग्जाम हैं। कई स्कूल तो ऐसे भी हैं जहां के सारे टीचरों की ड्यूटी लगा दी गई है। जिले के स्कूलों में अब एक महीने तक पढ़ाई ठप रहेगी। 4 नवंबर से शुरू हुए एसआईआर क प्रक्रिया की वजह से शिक्षकों को बीएलओ का जिम्मा दे दिया गया है। हालांकि पहले भी निवार्चन आयोग के लिए शिक्षक ही बीएलओ ही बनाए जाते थे लेकिन इस बार अभियान को बड़ा बताकर पूरी शिक्षा व्यवस्था को पटरी से उतार दिया गया है। बिलासपुर जिले की 6 विधानसभाओं के लिए 6 हजार से ज्यादा शिक्षकों की ड्यूटी लगा दी गई है। सभी बीएलओ को तीन-तीन बार लोगों के घरों पर जाकर मतदाताओं की जांच करनी है। सबसे आश्चर्य की बात यह है कि शिक्षा विभाग के अफसरों को इसकी जानकारी ही नहीं है कि किस स्कूल के कितने टीचरों की ड्यूटी लगाई गई है।

#### बच्चों के पास उनके विषय विशेषज्ञ शिक्षक नहीं

शिक्षक संगठनों का कहना है कि एसआईआर की प्रक्रिया शुरू होने के बाद कई स्कूलों में एक ही शिक्षक बचे हैं। ऐसे सैकड़ों मीडिल और प्राइमरी स्कूल हैं जो अगले एक महीने के लिए लिए एकल शिक्षकीय हो चुके हैं। अभियान को पूरा करना चाहिए लेकिन ऐसी व्यवस्था का विरोध होना चाहिए। इससे बच्चों का नुकसान हो रहा है। फिलहाल अधिकांश स्कूलों में शिक्षकों की कमी हो गई है। इस बीच दिसंबर के महीने में छहमाही परीक्षा और प्री बोर्ड होना है। ड्यूटी कर रहे शिक्षकों का कहना है कि परीक्षा के लिए बच्चों की तैयारी अटक गई है। परीक्षा से एक महीने पहले यानी नवंबर से दिसंबर के बीच ही उनकी मुख्य पढ़ाई होती है लेकिन इससे पहले बच्चों के पास उनके विषय विशेषज्ञ शिक्षक नहीं हैं। बोर्ड के बच्चों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

#### 22 साल बाद प्रक्रिया इसलिए झोंकी पूरी ताकत

अधिकांश स्कूल एक से दो शिक्षकों के भरोसे चल रहे हैं। इस काम में पुरुष शिक्षकों की ड्यूटी ज्यादा लगाई गई है। स्कूलों के ऐसे शिक्षक जो पहले से बीएलओ थे वे अपने साथी शिक्षकों को काम के लिए ट्रेंड कर उनके साथ टारगेट पूरा कर रहे हैं। इतने बड़े पैमाने पर शिक्षकों की ड्यूटी लगाए जाने को लेकर विभागीय अधिकारियों का कहना है कि 2003 के बाद छत्तीसगढ़ में ऐसी और इतनी बड़ी प्रक्रिया हो रही है। मानव श्रम की कमी थी इसलिए सभी शिक्षकों को तैनात किया गया है। इस पर शिक्षा संगठनों का कहना है कि अन्य विभागों के कर्मचारियों की ड्यूटी लगाकर स्थिति को संभाला जा सकता था लेकिन पढ़ाई के समय में ऐसा किए जाने से स्कूली बच्चों को बहुत नुकसान हो रहा है।

#### हर महीने टेस्ट पर भी हो रहा असर

मतदाता सूची रिवीजन और जनगणना में शिक्षकों की ड्यूटी लगाने के लिए हर महीने टेस्ट लेने की प्रक्रिया पर भी असर पड़ रहा है। जिन विषयों के शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है उनकी क्लासेस खाली जा रही हैं। इससे दसवीं-बारहवीं का रिजल्ट प्रभावित होगा क्योंकि हाल ही में रिजल्ट सुधारने के लिए बिलासपुर सहित पूरे प्रदेश में नई कवायद शुरू की गई है। हर महीने टेस्ट का आयोजन किया जा रहा है। जिसका पेपर जिला शिक्षा विभाग से तैयार कराया जा रहा है। पिछले महीने तिमाही की परीक्षा हुई और आधे से ज्यादा छात्र इस परीक्षा में फेल हो गए थे। स्कूल प्रबंधनों का कहना है कि महीनेभर पहले प्राइमरी बच्चों की तिमाही परीक्षाएं हुई हैं। दिसंबर में अर्धवार्षिक परीक्षा होनी है। ज्यादातर टीचर एसआईआर में लगे हैं। पढ़ाई प्रभावित तो हो रही है।

#### समन्वय करने कहा गया है

यह सही है कि छमाही परीक्षा नजदीक है तो बोर्ड परीक्षा सिर पर है। शिक्षकों को दोनों कामों में समन्वय बिठाने कहा गया है। एसआईआर का काम स्कूल के समय से अतिरिक्त करना है। स्कूल समय से दो घंटे पहले या बाद में यह सर्वे करना है। शासन इसके लिए बीएलओ बनाए शिक्षकों को अतिरिक्त मानदेय भी देगा

- विजय तांडे, जिला शिक्षा अधिकारी

---

अव्यवस्थित है शहर का सबसे व्यस्त चौराहा

# कोतवाली चौक पर ट्रैफिक सिग्नल नहीं चारों ओर लग रहा जाम, लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर के व्यस्त सिटी कोतवाली चौक पर ट्रैफिक सिग्नल नहीं होने से सुबह से देर रात तक चौक के चारों ओर ट्रैफिकजाम हो रहा है और लोगों को घण्टों परेशान होना पड़ रहा है। आलम यह है कि व्यवस्था सुधारने के लिए ट्रैफिक का अमला भी नहीं रहता है। एक तरह से चौक की व्यवस्था भगवान भरोसे चल रही है।

वर्ष 2014 में सिटी कोतवाली चौक पर ट्रैफिक का दबाव अधिक होने से ट्रैफिक सिग्नल लगाया था, जिससे चौक की व्यवस्था काफी हद तक सुधर गई थी, किन्तु कुछ समय बाद ट्रैफिक सिग्नल लाइट बंद हो गई। बाद में आईटीएमएस लागू होने के बाद शहर के सभी चौक चौराहों पर सिग्नल लाइट लगाई गई, किन्तु चौक कोतवाली चौक में अब तक ट्रैफिक सिग्नल नहीं लगाई गई है। चारों ओर से वाहनों के प्रवेश होने से पल पल में चौक पर ट्रैफिक जाम हो जा रहा है और वाहनों की लंबी कतार लग जा रही है। घण्टों जाम में फंसकर लोगों को हलाकान होना पड़ रहा है। बता दें कि आसपास सबसे पुराना गोलबाजार व शनिचारी बाजार, सराफा मार्केट होने से सुबह से देर रात तक चौक में ट्रैफिक का दबाव अधिक रहता है। उसके बाद भी कोतवाली चौक को भगवान भरोसे छोड़ दिया है।



सिटी कोतवाली चौक पर लगी वाहनों की कतार।

#### इन चौक चौराहे पर शान से चल रहा ट्रैफिक सिग्नल

वर्तमान में शहर के सभी व्यस्तम चौक नेहरू नगर, महाराणाप्रताप चौक, मंगला चौक, अमेरी चौक, सत्यम चौक, देवकीनंदन चौक, अग्रसेन चौक सहित अन्य चौक चौराहे पर ट्रैफिक सिग्नल व सीसीटीवी कैमरे लगाए हैं। इन चौक चौराहे पर ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों पर तीसरी आंख से नजर रखी जा रही है और नियम तोड़ने पर वाहन मालिकों के घरों में चालानी शुल्क पटाने नोटिस भेजा जा रहा है।

#### जगह नहीं है

कोतवाली चौक में ट्रैफिक सिग्नल लगाने का जगह नहीं है। सड़क सकरा है और चारों ओर डिवाइडर नहीं है। ट्रैफिक सिग्नल लगाने से वाहनों की लंबी कतार लग जाती है। चौक में सुगम यातायात व्यवस्था बनाने दो पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई जाती है।

-रामगोपाल करियारे
एडीशनल एसपी ट्रैफिक

#### दो जवानों के भरोसे चौक

व्यस्त कोतवाली चौक में सुगम यातायात व्यवस्था बनाने के लिए यातायात थाना से मात्र ट्रैफिक जवानों की चौक में ड्यूटी लगती है। वह भी चौक पर खानापूर्ति ड्यूटी करते नजर आते हैं। चौक के किसी कोने में आराम से बैठकर मोबाइल देखने में व्यस्त रहते हैं। चौक में जाम लगने पर भी जवान दूर दूर तक नजर नहीं आते हैं।

#### दुकानों की ग्राहकी होती है प्रभावित

चौक के चारों ओर दुकाने संचालित हो रही हैं। चौक में ट्रैफिक जाम होने से चारों ओर वाहनों की लंबी कतार लग जाती है। एक तरह से सभी दुकानों में ग्राहकों की आवाजाही बंद हो जाती है। अव्यवस्था के चलते दुकान संचालकों को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

#### खाली रहती है मल्टीलेवल पार्किंग

गोलबाजार, कोतवाली क्षेत्र में ट्रैफिक का दबाव कम करने कोतवाली थाना परिसर में मल्टीलेवल पार्किंग बनाई गई है, किन्तु उसका उपयोग बहुत कम हो रहा है। क्षेत्र की दुकानों में चार पहिया वाहनों से खरीददारी करने जाने वाले लोग सड़क पर वाहन खड़ी कर खरीददारी कर रहे हैं और मल्टीलेवल पार्किंग खाली रहती है।

---

## पीडब्लूडी सचिव ने की राष्ट्रीय राजमार्ग और नई सड़कों के कार्यों की समीक्षा

**बिलासपुर।** लोक निर्माण विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह ने राष्ट्रीय राजमार्ग परिक्षेत्र के अधिकारियों की बैठक लेकर प्रगतिरत मरम्मत, नई सड़कों और नवीन परियोजनाओं के कार्यों की समीक्षा की। प्रमुख अभियंता वीके भतपहरी भी समीक्षा बैठक में शामिल हुए।

लोक निर्माण विभाग के सचिव डॉ.कमलप्रीत सिंह ने बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग परिक्षेत्र के अधिकारियों से कहा कि बरसात के बाद अभी सड़क निर्माण और मरम्मत के कार्यों को गति देने का अच्छा समय है। इसका सदुपयोग करते हुए कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाएं और उन्हें पूर्ण गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण करें। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्गों की मरम्मत के दौरान ठेकेदारों से एसटीएमसी के सभी कम्पोनेन्ट्स के काम कराने को कहा। जिन सड़कों की मरम्मत के काम प्रांरभ हो चुके हैं, वे रूकने नहीं चाहिए। कार्यों को तेज गति से करते हुए दिसम्बर माह तक हर हाल में पूर्ण कराएं। विभागीय सचिव डॉ. सिंह ने राज्य में निर्माणाधीन राष्ट्रीय राजमार्गों की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त कार्यों के प्राक्कलन, निविदा, कार्यादेश और कार्य प्रारंभ की स्थिति की जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में स्वीकृत राष्ट्रीय राजमार्गों के अर्थ वर्क आगामी जनवरी माह तक पूर्ण करने के निर्देश दिए।

#### आरएमकेके भी शामिल

बैठक में बताया गया कि राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-130 अभनपुर-राजिम-गरियाबंद-देवभोग मार्ग, राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-130बी, राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-353 घोड़ारी-महासमुंद-बागबहरा-ओड़िशा सीमा, राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-930, राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-30, राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-63 भोपालपटनम से जगदलपुर मार्ग तथा राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-49 के विभिन्न खंडों में मरम्मत के काम प्रगति पर हैं। वहीं राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-43 कटनी-गुलमा मार्ग, राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-45 रतनपुर-केंदा-केंवची मार्ग और राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-153 रायगढ़-सारंगढ़-सरायपाली मार्ग के विभिन्न खंडों की मरम्मत के लिए अनुबंध की कार्रवाई पूर्ण कर ली गई है। शीघ्र ही इनके कार्यादेश भी जारी कर मरम्मत के काम शुरू किए जाएंगे।

---

**ऑल इंडिया गार्ड काउंसिल जता रहा विरोध**

## लंबित शिकायतों की वजह से गिर रहा ट्रेन मैनेजरों का मनोबल



**बिलासपुर।** ट्रेन मैनेजरों की कई लंबे समय से लंबित शिकायते हैं, जिसमें से कुछ दो दशकों से अनसुलझी हैं। यह एक गंभीर चिंता और निरंतर कठिनाई का विषय बन गई है। इस निष्क्रियता से न केवल ट्रेन मैनेजरों के मनोबल को प्रभावित किया है, बल्कि व्यवसायिक और व्यक्तिगत संकट भी झेलना पड़ रहा है। बुधवार की दोपहर प्रेस क्लब में आल इंडिया गार्डस काउंसिल के जोनल महामंत्री डी विश्वास ने बताया कि वित्त मंत्रालय ने आठवें वेतन आयोग की कार्यसीमा 3 नवंबर को अधिसूचित की थी। ऑल इंडिया गाड्र्स काउंसिल विनती करती है कि 8वें सीपीसी के लिए पर्याप्त मंत्रालयिक और सहायक कर्मचारियों सहित एक उपयुक्त कार्यालय स्थान उपलब्ध कराया जाए ताकि इसे शुरू किया जा सके। पार्सल यातायात के लिए एसएलआर लीजिंग की योजना रेल मंत्रालय द्वारा नवंबर 1991 में शुरू की गई थी। इसकी सफलता के बाद, यात्री ले जाने वाली ट्रेनों के ब्रेकवैन की पार्सल जगह के अधिकतम उपयोग और इस प्रकार आय बढ़ाने के उद्देश्य से, रेलवे ने वर्ष 2006 के दौरान सहायक गार्ड के केबिनों में पार्सल स्थान लीजिंग की एक योजना शुरू की थी। इसके परिणामस्वरूप भारतीय रेलवे में सहायक गार्ड के पद अनावश्यक हो गए थे। 2012 में रेलवे बोर्ड ने एक पत्र जारी कर जोनल रेलवे को व्यापक कार्यबल युक्तिकरण और लागत बचत पहल के हिस्से के रूप में सहायक गार्ड के पद समर्पित करने का निर्देश दिया था। अफसोस की बात है कि आधिकारिक रिकॉर्ड अभी भी इस पद को दर्शा रहे हैं और शीर्ष कार्यकारी इसके कैडर स्ट्रेंथ से भी अनभिज्ञ हैं। उन्होंने बताया कि ऑल इंडिया गाड्र्स काउंसिल पिछले 20 वर्षों से गुड्स गार्ड गुड्स ट्रेन मैनेजर के लिए प्रवेश स्तर के वेतन में वृद्धि करने का मंत्रालय से अनुरोध करती रही है, लेकिन इसका कोई सकारात्मक निष्कर्ष नहीं निकल सका। ट्रैफिक रनिंग स्टाफ इस लंबे समय से लंबित मांग से अत्यंत निराश है।

---

# पांच साल के लिए महिला बोलीदार के नाम हुई जरगा रेत खदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कोनचरा ग्राम पंचायत की जरगा रेत खदान पांच साल के लिए महिला बोलीदार को आबंटित कर दी गई है। इस खदान के लिए निविदा ऑनलाईन तरीके से 4 नवंबर से 11 नवंबर तक आमंत्रित की गई थी। इसमें कुल 115 लोगों ने आवेदन प्रस्तुत किया था, जिनमें सबसे न्यूनतम दर होने के कारण महिला बोलीदार को खदान पांच साल के लिए आबंटित कर दी गई।

बेलगहना तहसील के अंतर्गत ग्राम पंचायत कोनचरा की जरगा रेत खदान का आबंटन बुधवार को जारी कर दिया गया। छत्तीसगढ़ गौण खनिज साधारण रेत उत्त्खनन एवं व्यवसाय नियम 2025 के अंतर्गत ई-नीलामी



**115 आवेदकों में न्यूनतम बोली के कारण आबंटन जारी**

के माध्यम से 10 नवंबर को रेत खदान आबंटन के लिए एनआईटी जारी किया गया था। इस संबंध में सिंचाई विभाग के प्रार्थना भवन में नीलामी के लिए 11 नवंबर को टेंडर ओपन किया गया। टेंडर ओपन करने की प्रक्रिया के दौरान कुल 115 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें 07 अपात्र पाए गए, वहीं 108 आवेदकों को लॉटरी की प्रक्रिया में शामिल करने हेतु पात्र पाया गया।वित्तीय बोली समरूप पाए जाने पर अधिमानी बोलीदार घोषित करने हेतु ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से लॉटरी प्रक्रिया की गई।

इसके अंतर्गत समस्त बोलीदारों के नाम उपस्थित बोलीदारों के समक्ष लॉटरी बॉक्स में डालकर लॉटरी के माध्यम से अधिमानी बोलीदार का चयन किया गया। बोलीदारों में न्यूनतम बोली श्रीमती नेहा शिवदासानी द्वारा लगाई गई, जिसके कारण ग्राम पंचायत कोनचरा तहसील बेलगहना के खसरा क्रमांक 278 रकबा 4.60 हेक्टेयर के लिए अधिमानी बोलीदार घोषित किया गया है।

#### आए थे 115 आवेदन

जरगा रेत खदान के लिए कुल 115 बोलीदारों के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया था। न्यूनतम बोली लगाए जाने के कारण महिला बोलीदार के नाम पर जरगा रेत खदान आबंटित की गई है।

-किशोर कुमार गोलघाटे, उप संचालक खनिज विभाग

---

**एसआईआर को लेकर कांग्रेस प्रभारी ने ली कार्यकर्ताओं की बैठक**

# देवेन्द्र ने कहा- कांग्रेस मतदाताओं का नाम कटने न पाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर के जिला प्रभारी एआईसीसी सचिव विधायक देवेन्द्र यादव ने बुधवार को कांग्रेस भवन में ब्लॉक अध्यक्षों समेत नवनियुक्त ब्लॉक प्रभारियों की बैठक लेकर कहा है कि कांग्रेस के मतदाताओं का नाम कटने न पाए। इसके लिए एसआईआर को लेकर कांग्रेस सहित हर नागरिक को सतर्क रहना है।

कांग्रेस भवन की बैठक में जिला प्रभारी विधायक देवेन्द्र यादव ने कहा कि एसआईआर तहत फार्म में जो कंडीशन है वह सरलता से नहीं भरा जा सकता, किन्तु सत्तापक्ष इसका दुरुपयोग कर सकता है जैसा कि



कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित जिला प्रभारी।

बिहार में देखने को मिला। भाजपा बीएलओ के माध्यम से कांग्रेस के मतदाताओं को टारगेट करेगी। इसके लिए हमारे बीएलए को सतर्क और मुस्तैद रहना पड़ेगा। देवेन्द्र यादव ने कहा कि राहुल गांधी लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए लड़ रहे हैं। इसमें हर नागरिकों को आगे आना चाहिए।

इस दौरान शहर कांग्रेस अध्यक्ष विजय पांडेय ने बताया कि शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने लगभग सभी वार्डो और बूथों में बीएलए की नियुक्ति कर चुकी है और निर्वाचन के पास जमा कर दी है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष ग्रामीण विजय केशरवानी ने कहा कि ग्रामीण के सभी ब्लॉकों में प्रभारियों की नियुक्ति कर दी गई है जो बीएलए को सहयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि एसआईआर में 2003 की मतदाता सूची को आधार मानकर जांच की जा रही है जिसके कारण 2003 के बाद जिनकी शादी हुई है, उन बहुओं को अपने मायके से पूर्व मतदाता सूची से बूथ क्रमांक और सरल क्रमांक लेना अनिवार्य होगा। इसी प्रकार जिनका निवास बदल गया है या अन्य राज्य में निवासरत थे उन्हें भी उस राज्य से जानकारी लेनी पड़ेगी जो कठिन प्रक्रिया है। इससे ऐसा लगता है कि निर्वाचन आयोग निम्न तबकों के लोगों को मतदान से वंचित करना चाहता है।

#### सीधा-सीधा वोट से वंचित करने की व्यवस्था

बैठक में उपस्थित युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा ने कहा कि अभी तक ईवीएम एवं चुनाव प्रक्रिया में संदेह था, किन्तु एसआईआर तो सीधा-सीधा वोट से वंचित करने की व्यवस्था है। क्योंकि ये जो समय है किसान फसल काटने में व्यस्त है, उसके बाद अधिकांश गरीब लोग रोजी रोटी के लिए बड़ी संख्या में पलायन कर जाते है, ऐसे में शतप्रतिशत शुद्धता की गारंटी नहीं है। बैठक में ऋषि पांडेय, विनोद साहू, पंकज सिंह, महेन्द्र गंगोत्री, देवेन्द्र सिंह, सिद्धांशु मिश्रा, राजेन्द्र साहू, शिवा मिश्रा, भरत कश्यप, महेश दुबे, समीर अहमद, नसीम खान, जगदीश कौशिक, सुनील सिंह, नीरज जायसवाल, गीतांजलि कौशिक, जावेद मेमन, राजेन्द्र धीवर, लक्ष्मीनाथ साहू, अरविंद शुक्ला, झगरराम सूर्यवंशी, बिहारी देवांगन, सुभाष ठाकुर, रोमहर्ष शर्मा आदि कांग्रेसजन उपस्थित थे।

#### लोकतंत्र को मजबूत करने आयोग जिम्मेदारी निभाए

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव विधायक देवेन्द्र यादव ने एसआईआर को लेकर निर्वाचन आयोग पर ऊंगली उठाते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में लोकतंत्र को बचाने निर्वाचन आयोग अपनी जिम्मेदारी निभाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं को एसआईआर दौरान अपने प्रभार क्षेत्र में जिम्मेदारी से वोटर लिस्ट में काम करना चाहिए। क्योंकि वर्तमान में ज्यादतर किसान किसानी काम में खेतों में जा रहे हैं ऐसे समय में कांग्रेस को अपने बूथों पर ध्यान देना है। अगर किसी का फर्जी नाम जोड़ा गया है तो प्रक्रिया तहत शिकायत करें। एसआईआर तहत जमीनी स्तर पर कागजी काम कार्यकर्ताओं को करना है। उन्होंने बताया कि एसआईआर के अलावा रेल दुर्घटना जैसे कुछ मुद्दों को लेकर कांग्रेस आगे आंदोलन भी करने वाली है।

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, गुरुवार 13 नवंबर 2025
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



वेंकैसी

## आबकारी आरक्षक की सत्यापन और शारीरिक मापदण्ड के लिए सूची जारी

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आबकारी आरक्षक की 27 सीधी भर्ती परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है। परिणाम के आधार पर वरीयता क्रम अनुसार पात्र अभ्यर्थियों की दस्तावेज सत्यापन एवं शारीरिक मापदण्ड




परीक्षण हेतु सूची आबकारी विभाग की वेबसाइट पर अपलोड की गई है। सभी संबंधित अभ्यर्थी अपने शैक्षणिक एवं अन्य आवश्यक मूल अभिलेखों सहित सत्यापन के साथ उपस्थित हों। आवश्यक दस्तावेजों में व्यापम परीक्षा का प्रवेश पत्र, परिणाम की प्रति, हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी की अंकसूची, मूल निवास एवं स्थानीय निवास प्रमाण पत्र, सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र तथा आरक्षित एवं अन्य पिछड़ा वर्ग का शपथ पत्र, ओबीसी अभ्यर्थियों का आय प्रमाण पत्र, भूतपूर्व सैनिक सेवा प्रमाण पत्र उपरोक्त दस्तावेज के प्रमाणीकरण के संबंध में शपथ पत्र, नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड, मूल दस्तावेज की 2 छायाप्रति स्व प्रमाणित तथा यदि शासकीय सेवक हों तो अनापत्ति प्रमाण पत्र शामिल है।

धर्म-क्षेत्र

## जीवन में हमेशा करें परोपकार जीवंत झांकी सजाई गई



**बिलासपुर।** स्व. रामबाई की स्मृति में कच्छ गुर्जर क्षत्रिय समाज भवन कपिल नगर सरकंडा में श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया गया है। कथा के पांचवें दिन कथा व्यास पं. आचार्य सुनील कुमार शर्मा ने भगवान वामन अवतार, राम व कृष्ण जन्म की कथा पर प्रकाश डाला। कथावाचक ने बताया कि वामन अवतार भगवान विष्णु ने राजा बलि को यह शिक्षा दी कि दंभ तथा अंहकार से जीवन में कुछ भी हासिल नहीं होता है। यह धनसंपदा क्षणभंगुर होता है, इसलिए जीवन में परोपकार करें। उन्होंने कहा कि अहंकार, गर्व, घृणा और ईर्ष्या से मुक्त होने पर ही मनुष्य को ईश्वर की कृपा प्राप्त होती है। कथा के दौरान वामन अवतार की जीवंत झांकी सजाई गई। कार्यक्रम को सफल बनाने ऐशराम स्वर्णकार, रविकांत, शारदा, डॉ शशिकांत, डॉ मधुबाला स्वर्णकार सक्रिय हैं।

कार्यक्रम

## सुआ नाच स्पर्धा में बिलासा दाई की झांकी रहेगी दर्शनीय



**बिलासपुर।** भोजली महोत्सव समिति द्वारा छत्तीसगढ़ के लोक पर्व सुआ नाच प्रतियोगिता 16 नवंबर को तोरवा में आयोजित किया जा रहा है। समिति के अध्यक्ष शंकर यादव ने बताया कि हमर छत्तीसगढ़ के लोक पर्व हमर संस्कृति और हमर देवारी तिहार के पावन अवसर पर इस वर्ष भी सुआ नाच महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली टीम को नगद राशि एवं कप पुरस्कार स्वरूप दिया जाएगा। प्रथम पुरस्कार 7 हजार गणेश प्रधान, द्वितीय 5 हजार व कप रामजी यादव रायपुर, तृतीय 3 हजार देव यादव रायपुर, चतुर्थ 15 सौ व कप प्रहलाद दूधेश्वर, पांचवा पुरस्कार 110 सौ रूपए व कप मोहन श्रीवास मोपका एवं सभी को सांत्वना पुरस्कार 3 सौ गिरीश केंवट मोपका की ओर से प्रदान किया जाएगा। प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु पंजीयन के लिए कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा।

आयोजन

## पिकनिक, मैंबरशिप ग्रोथ के बारे में की गई चर्चा



**बिलासपुर।** लायंस क्लब वसुंधरा ने अध्यक्ष रश्मि लता मिश्रा की अध्यक्षता में क्लब की बीओडी मीटिंग एवं सामान्य सभा आयोजित की। जिसमें आगामी माह की गतिविधियों की जानकारी दी गई। क्लब की अधिकारी यात्रा, महत्वपूर्ण गतिविधियों, पिकनिक, मेंबरशिप ग्रोथ के बारे में चर्चा की गई। अधिकारी यात्रा के लिए नई योजनाएं बनाई गई। सचिव अर्चना तिवारी ने क्लब की फीस से सभी को अवगत कराया एवं मेंबरशिप इंटरनेशनल, डिस्ट्रिक्ट ड्यूज़ की जानकारी दी और सभी को समय पर फीस जमा करने को कहा। इस मौके पर विनीता, मंजू मिश्रा, मंजू तिवारी, साधना दुबे, सुधा परिहार, संजना मिश्रा, सावित्री जायसवाल, मंगला कदम, चांदनी सक्सेना, उषा मुदलियार, किरण बाजपेई, गायत्री कश्यप, शोभा चाहिल एलसीआइएफ चेयरपर्सन सलमा बेगम, मंजुला शिंदे, शारदा कश्यप, सीता तिवारी उपस्थित रहीं।

# भैरव जयंती महोत्सव में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

धर्म नगरी रतनपुर स्थित नगर कोटवाल भैरवनाथ मंदिर में चल रहे नव दिवसीय भैरव जयंती महोत्सव में बुधवार को भैरव अष्टमी के अवसर पर बाबा भैरवनाथ का दिव्य श्रृंगार किया गया। मंदिर में दिनभर वैदिक आचार्यों द्वारा रुद्राष्टाध्यायी पाठ, रुद्र महायज्ञ और अभिषेक अनुष्ठान संपन्न हुए। भैरव बाबा को आज 56 प्रकार के भोग अर्पित किए गए। हर ओर "जय नगर कोटवाल भैरवनाथ के जयकारे गूंजा। यह महोत्सव विश्व कल्याण और जनकल्याण की कामना के साथ प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है। इन नौ दिनों तक प्रतिदिन भंडारे का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं।

## बाबा का दिव्य श्रृंगार कर 56 भोग लगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मंदिर के महंत पंडित जागेश्वर अवस्थी ने बताया कि भगवान काल भैरव की पूजा जीवन में शांति, समृद्धि और सुरक्षा का आशीर्वाद देती है। वे अपने भक्तों के सभी संकटों, भय, रोग और नकारात्मकता को दूर करते हैं। उन्होंने बताया कि काल भैरव का सौम्य स्वरूप बटुक भैरव विशेष रूप से गृहस्थों के लिए पूजनीय माना जाता है, क्योंकि यह रूप घर-परिवार में सुख-शांति और सकारात्मकता बनाए रखता है। भैरव जयंती के अवसर पर सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। भक्तों ने लंबी कतारों में लगकर बाबा के दर्शन किए, रातभर मंदिर के पट भक्तों के लिए खुले रहे। मंदिर समिति के सदस्य दिलीप दुबे, पं. महेश्वर पाण्डेय, पं राजेंद्र दुबे, पं कान्हा तिवारी, विक्की अवस्थी, सोनू, आचार्य गिरधारीलाल पाण्डेय, पं अवनीश मिश्रा का मौजूद रहे।







## भक्त पहुंचे मंदिर, कई लोगों ने रखा व्रत

भैरव जयंती पर काली मंदिर तिफरा एवं शीतला मंदिर जीडीसी चौक में भैरव बाबा की विशेष पूजन कर हवन किया गया। भैरव बाबा का दर्शन, पूजन करने श्रद्धालु भक्त भी मंदिर पहुंचे। कई लोगों ने व्रत भी रखा।



### पंडितों ने किया अनुष्ठान

मध्यप्रदेश से पधारे राकेश स्वामी और पंडित प्रमोद दुबे ने धार्मिक अनुष्ठानों का संचालन किया। इसी क्रम में 18 नवंबर को सुबह 11 से दोपहर 3 तक श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क आयुर्वेदिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा, जबकि 19 नवंबर को महोत्सव के अंतिम दिन 151 कन्याओं और ब्राह्मणों की पूजा के साथ महाभंडारा होगा।

## काली मंदिर तिफरा में पूजन, हवन



भगवान काल भैरव को हिंदू धर्म में शिवजी का उग्र, न्यायप्रिय और रक्षक स्वरूप माना गया है। वे समय के स्वामी और धर्म के संरक्षक हैं, जो अपने भक्तों को भय, रोग और शत्रु से रक्षा प्रदान करते हैं। पौराणिक मान्यता के अनुसार भगवान काल भैरव का प्राकट्य मार्गशीर्ष माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को हुआ था। इसी दिन को काल भैरव जयंती या भैरव अष्टमी कहा जाता है। धार्मिक मान्यता है कि भैरव बाबा की आराधना से शनि, राहु और केतु के दोष शांत होते हैं। यह दिन उन लोगों के लिए विशेष फलदायी माना गया है जो जीवन में भय, मानसिक तनाव या रुकावटों से जूझ रहे हैं। शहर में इस पावन अवसर पर श्रद्धालुओं ने भगवान काल भैरव की विशेष पूजा-अर्चना की।

### सरसों तेल से दीपक जलाना शुभ

भगवान काल भैरव को सरसों के तेल का दीप जलाना अत्यंत शुभ माना गया है। यह दीप अंधकार और नकारात्मक ऊर्जा का नाश करता है। जीवन में प्रकाश और सकारात्मकता लाता है। जो भक्त नियमित रूप से काल भैरव मंदिर में तेल का दीप जलाते हैं, उनके जीवन से भय और संकट दूर होते हैं। धार्मिक मान्यता है कि भैरव बाबा की आराधना से शनि, राहु और केतु के दोष शांत होते हैं।

## मंगला रॉवत नाच में सिलपहरी के यदुवंशी रहे प्रथम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रावत नाच महोत्सव घुटकू में मनाया गया, यदुवंशी समाज ने गढ़वा बाजा और मुरली की धुन पर पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत किया। नर्तक दलों ने सिर पर कलगीदार पागा, हाथ में हंडा और तुलसी-कबीर के दोहों का बखान करते हुए शौर्य प्रदर्शन किया। देर रात तक नर्तक दलों को प्रस्तुति देखने सैकड़ों लोग मैदान में डटे रहे। महोत्सव का यह 26 वां वर्ष था निर्णायक मंडल द्वारा सिलपहरी टीम को प्रथम इनाम दिया गया।

दूसरा इनाम दो रखा गया था जिसमें पहला भरनी को और दूसरा खमतराई को दिया गया वही तीसरा का पहला इनाम तारबाहर,दूसरा बहतराई, तीसरा बसिया क्रो दिया गया। इसके अलावा चौथा इनाम निगारबंद क्रो दिया गया है, शेष दल क्रो सांत्वना पुरस्कार दिया गया है। महोत्सव का शुभारंभ उप मुख्यमंत्री अरुण साव, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव, पूर्व महापौर रामशरण यादव ने किया।






उन्होंने यादव समाज क्रो भवन के लिए 25 लाख रूपए देने की घोषणा की है। बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने छपरा भाटा मैदान को रावत नाच महोत्सव के लिए देने की घोषणा की साथ ही उन्होंने मंच बनाने के लिए 20 लाख रुपए देने घोषणा की है। कार्यक्रम में अध्यक्ष सुजीत यादव अखिलेश यादव रोहित यादव आयुष यादव सतीश यादव दुर्गेश यादव सुकुमार यादव भुनेश्वर यादव सुनील के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे।

## भातखंडे संगीत महाविद्यालय की हीरक जयंती 15 से, कलाकार देंगे प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

भातखंडे संगीत महाविद्यालय बिलासपुर ने अपने स्थापना के 75 वर्ष पूर्ण कर 76वें वर्ष में प्रवेश कर लिया है। इस अवसर पर महाविद्यालय द्वारा 15 नवंबर से तीन दिवसीय "हीरक जयंती समारोह" का आयोजन किया जा रहा है। इसमें देश भर के नामचीन कलाकार भारतीय शास्त्रीय संगीत की प्रस्तुति देंगे।

प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस वार्ता में महाविद्यालय के संस्थापक संचालक डॉ. विपुल चक्रवर्ती, प्राचार्या ममता चक्रवर्ती एवं अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने बताया कि भातखंडे संगीत महाविद्यालय की स्थापना बसंत पंचमी के दिन सन् 1950 को इंदु चक्रवर्ती और स्व. सुधांशु शेखर चक्रवर्ती ने की थी। आरंभिक वर्षों में विद्यार्थियों की परीक्षा लखनऊ संगीत विद्यापीठ उत्तर प्रदेश से होती थी। बाद में सन् 1955-56 में संस्थान को इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ से मान्यता प्राप्त हुई। तब से लेकर अब तक यह महाविद्यालय स्नातक, स्नातकोत्तर एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित कर रहा है। अब तक लगभग 5 हजार से अधिक विद्यार्थी यहां से शिक्षा प्राप्त कर संगीत जगत में अपनी पहचान बना चुके है। इसमें अर्णव चटर्जी कई छत्तीसगढ़ी फिल्मों में संगीत निर्देशन व संयोजन व आदित्य चक्रवर्ती बोल बच्चन जैसी प्रसिद्ध हिंदी फिल्मों में साउंड अरेंजर और संगीत निर्देशन कर चुके हैं। वर्तमान सत्र 2025-26 में महाविद्यालय में 240 विद्यार्थी अध्ययनरत है। महाविद्यालय ने आगामी वर्षों के लिए कई आधुनिक योजनाएं तय की है।

इस संस्था द्वारा समय-समय पर विविध आयोजन कराए जाते रहते हैं। इसमें नियमित रूप से गुरु पूर्णिमा, विष्णु द्वय पुण्यतिथि, वसंत पंचमी पर स्थापना दिवस सहित विभिन्न सरकारी सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन शामिल है।



संस्था ने अपनी स्थापना के 75 वर्ष किए पूर्ण

स्पोर्ट्स न्यूज

## टेबल टेनिस में जीईसी ने जीता गोल्ड



**बिलासपुर।** शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय की टेबल टेनिस टीम ने स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय भिलाई के तत्वाधान में आयोजित राज्य स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया।

प्रतियोगिता में समस्त तकनीकी, फार्मेसी, प्रबंध आदि संकाय से संबंधित संस्थानों के प्रतिभागियों ने सहभागिता रही। प्रतियोगिता में छात्र बलगा ढूंढू विनायक , ललित नायक , वैभव देवांगन तथा पुष्पराज देवांगन ने शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय बिलासपुर का प्रतिनिधित्व करते हुए अंतिम एवं निर्णायक मैच जीईसी रायपुर को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम किया, प्रो श्याम सिंह कंवर उक्त प्रतियोगिता में सहभागी टीम के साथ टीम मैनेजर के रूप में उपस्थित रहे। उक्त टेबल टेनिस टीम आगे चलकर ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी प्रतियोगिताओं में छत्तीसगढ़ राज्य तकनीकी संस्थानों का प्रतिनिधित्व करेंगी। इस उपलब्धि पर संस्था के प्राचार्य डॉ एस के सिंघई सहित महाविद्यालय परिवार ने छात्रों का उत्साह वर्धन कर बधाईयां दी।

## जैन प्रीमियर लीग 5 का आयोजन 13 से

जैन प्रीमियर लीग 5 का आयोजन 13 नबंबर से पेण्ड्रीडीह स्थित श्रीमंत प्रवीण जैन स्टेडियम मे हो रहा है। शकुन जैन के जन्मदिन के उपलक्ष्य मे चार दिन तक होने बाले इस आयोजन मे जैन समाज की 8 टीम खेल रही । समाज के संदीप जैन ने बताया कि पहला मैच शाम 4.45 पर एलसीआईटी और बाहुबली टाइटन्स के बीच खेला जाएगा। दूसरा मैच गोयल सुपर किंग और ऋषभ इलेक्ट्रिकल, तीसरा मैच पारस पावर और आजाद शेर और चौथा मैच स्वस्तिक स्टोर और बिरला सुपर जॉइंट्स के बीच खेला जाएगा




प्रत्येक मैच 8 ओवर का होगा जिसमे दो ओवर महिला खिलाड़ी खेलेगी। महिला और पुरुष खिलाडी का यह आयोजन पिछले 4 साल से हो रहा है। मुख्य अतिथि श्रीमंत सेठ प्रवीण जैन रहेंगे, इस आयोजन को सफल बनाने में संदीप जैन, गौरव, मयंक, पराग, मनोज, आनंद, प्रतीक, मुकेश, शुभम, स्वप्निल अपना सहयोग दे रहे है।

## खेल में कला विभाग बना चैंपियन



डीपी विप्र खेल दिवस स्व. रामनारायण शुक्ल की स्मृति में विप्र खेल दिवस का समापन दिवस हुआ, खेल के मुख्य अतिथि कुलसचिव डॉ तारणीश गौतम, विशिष्ट अतिथि डॉ प्रमोद तिवारी, प्राचार्या डॉ अंजु शुक्ला थी।

मुख्य अतिथि के अपने उद्बोधन में समय और अनुशासन को प्राथमिकता देने पर जोर दिया क्योंकि हर बड़े खिलाड़ी की पहचान यही होता है। इसके पश्चात अतिथियों के स्वागत महाविद्यालय प्राध्यापकों के द्वारा किया गया। तत्पश्चात पूरे तीन दिनों का खेल का पुरष्कार वितरण मुख्य अतिथियों द्वारा प्रदान किया गया, जिसमें कबड्डी, बैडमिंटन, शतरंज, चेस सभी खेल में प्राध्यापकों कर्मचारी वर्ग, छात्र संघ एलुमिनी वर्ग में विजेताओं और उपवीजेता को मेडल प्रदान किया गया। ओवर आल चैम्पियन होने का गौरव कला विभाग को मिला। जिन्होंने 75 प्वांइट के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया, कार्यक्रम संचालक डॉ एम. एस. तम्बोली सर द्वारा किया गया।

## खबर संक्षेप

### जिला पुलिस के अभ्यर्थियों का ट्रेड टेस्ट 17 से 19 तक

**मुंगेली।** जिला पुलिस बल आरक्षक संवर्ग की सीधी भर्ती अंतर्गत शारीरिक दक्षता परीक्षा में उत्तीर्ण एवं लिखित परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थियों का ट्रेड टेस्ट का आयोजन 17 से 19 नवंबर तक किया जाएगा। पुलिस कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार अभ्यर्थियों को निर्धारित तिथि पर अपने प्रवेश पत्र, मूल पहचान पत्र सहित अपने दस्तवेज के साथ उपस्थित होना अनिवार्य है।

### मस्तूरी में राउत नाचा महोत्सव कल

**मस्तूरी।** शुक्रवार को स्थानीय हाई स्कूल प्रांगण में राउत नाचा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। राउत नाचा महोत्सव समिति के अध्यक्ष कन्हैया यादव, दिलीप यादव व राहुल यादव ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि, इस वर्ष सभी 14 नवंबर शुक्रवार को शाम 6 बजे से राउत नाचा महोत्सव शुरू होगा। इसके लिए क्षेत्र सहित जिले के विभिन्न राउत नाचा महोत्सव समितियों एवं नर्तक दलों को आमंत्रित किया गया है। राउत नाचा महोत्सव प्रतियोगिता में विजेताओं को शील्ड एवं नकद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। साथ ही अन्य नर्तक दलों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

### जिला स्तरीय पशु-पक्षी प्रदर्शनी मेला आज

**लोरमी।** छत्तीसगढ़ रजत जयंती स्थापना वर्ष के उपलक्ष्य पर 13 नवंबर को सुबह 9 से 3 बजे तक नवाडीह शाला परिसर में जिला स्तरीय पशु-पक्षी प्रदर्शनी मेला पशुधन विकास विभाग की ओर से आयोजित किया जा रहा है। आयोजन में बतौर मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री अरुण साव शामिल होंगे।

## निधन

### किशोरी देवी दुबे

**बिलासपुर।** गोंडपारा निवासी श्रीमती किशोरी देवी दुबे पति स्व. रामचन्द्र दुबे का 100 वर्ष की आयु में 12 नवंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम सरकंडा में किया गया। वे डॉक्टर बल्लू दुबे एवं राजीव दुबे की माता थीं।



### मनोरमा पाण्डेय

**बिलासपुर।** विद्या नगर निवासी मनोरमा पाण्डेय पति स्व. राधेश्याम पांडेय कोसा वाले का 85 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 13 नवंबर को सुबह 11 बजे प्रथम अस्पताल बेहतराई रोड के सामने निवास स्थान से सरकंडा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे आलोक रंजन, अनूप रंजन एवं अमित रंजन पांडेय की माता थीं।



### सतीश देवांगन

**बिलासपुर।** रणजीत माता मंदिर चौक गनियारी निवासी सतीश देवांगन हेड मास्टर बेलटुकरी 12 नवंबर को निधन हो गया। वे 49 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार गनियारी स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व. जोगीराम के पुत्र थे।



### देवेन्द्र कौशिक

**बिलासपुर।** ग्राम हरदीकला निवासी देवेन्द्र कौशिक का 71 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम में किया गया। वे विद्यावासी, सतीश व सत्यावती कौशिक के पिता व सुरेश, देवी व मोनू के चाचा थे।



### वासुदेव सिंह राजपूत

**बिलासपुर।** ग्राम सुकली लोरमी निवासी हिर्री थाने में पदस्थ एएसआई वासुदेव सिंह राजपूत का 12 नवंबर को निधन हो गया। वे 61 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार 13 नवंबर को दोपहर 12 बजे गृहग्राम सुकली में किया जएगा। वे पुसऊ सिंह राजपूत के छोटे पुत्र, अयोध्या सिंह के भाई एवं जलेश्वर सिंह राजपूत के पिता थे।



## महामाया मंदिर में पूजा कर केन्द्रीय राज्यमंत्री ने यूनिटी मार्च का किया शुभारंभ

# देश की अखंडता, एकता और विकास यात्रा को गति देना हमारा कर्तव्यः तोखन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

राष्ट्रीय एकता यात्रा के द्वितीय दिवस पर केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू ने महामाया मंदिर रतनपुर में पूजा अर्चना करके राष्ट्रीय एकता यात्रा की शुरुआत की। बिलासपुर लोकसभा क्षेत्र के कोटा,

- कोटा , तखतपुर, मस्तुरी विधानसभा में निकली राष्ट्रीय एकता यात्रा
- जनजातीय नृत्य, सुआ, राऊत नाचा, हरिकिर्तन टोली एवं पुष्प वर्षा से पद यात्रा का अभिनंदन



बुधवार को सरदार पटेल की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते केंद्रीय राज्य मंत्री।

तखतपुर और मस्तुरी विधानसभा क्षेत्रों में राष्ट्रीय एकता मार्च निकाला गया।

यात्रा के दौरान नागरिकों ने हाथों में तिरंगा झण्डा लेकर भारत की एकता, अखंडता और राष्ट्रीय गौरव का संदेश दिया। "एक भारत, श्रेष्ठ भारत" के नारे से वातावरण गूंज उठा। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर नागरिकों, विद्यालयों और सामाजिक संगठनों द्वारा यात्रा का भव्य स्वागत और अभिनंदन किया गया। हर स्थान पर देशभक्ति के गीतों और पुष्पवर्षा के साथ यात्रा का अभिनंदन हुआ, जिससे वातावरण उत्साह और गर्व से भर गया। कार्यक्रम की विशेषता रही कि सुआ नृत्य, जनजातीय नृत्य, राऊत नाचा और हरिकिरतन टोली की प्रस्तुतियों ने यात्रा को सांस्कृतिक रंगों से आलोकित कर दिया। स्वच्छता दीदियों का सम्मान किया गया, स्वदेशी और आत्मनिर्भर भारत का संकल्प लिया गया और एनएसएस स्वयंसेवकों, स्कूली विद्यार्थियों तथा सामाजिक संगठनों ने पूरे जोश और उमंग के साथ भाग लिया। यात्रा में कोटा, तखतपुर और मस्तूरी के नागरिकों ने हर्षोल्लास से भाग लिया और तोखन साहू का जगह-जगह गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, पूर्व मंत्री कृष्णमूर्ति बांधी, जिला अध्यक्ष ग्रामीण मोहित जायसवाल, जिला अध्यक्ष शहर दीपक सिंह, जिला महामंत्री एस मनहर, संतोष कौशिक गुरुजी, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष राकेश तिवारी, रतनपुर नगर पालिका अध्यक्ष लवकुश कश्यप, कोटा नगर पंचायत अध्यक्ष दुर्गेश सरोज साहू, जनपद अध्यक्ष तखतपुर माधवी संतोष वस्त्रकार, जिला पंचायत सदस्य प्रकाश सूर्या, अंबिका साहू सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

### सकरी में युवाओं में दिखा जोश

सरदार वल्लभ भाई पटेल के 150वी जयंती पर क्षेत्रीय सांसद एवं केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू के नेतृत्व में सकरी में राष्ट्रीय एकता रैली निकाली गई। रैली में स्थानीय जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठन के सदस्य, युवाओं एवं छात्र-छात्राओं की बड़ी संख्या में उपस्थित रही। रैली जोन कार्यालय से शुरू होकर मुख्य मार्ग का भ्रमण करते हुए शासकीय नवीन महाविद्यालय सकरी में सभा के रूप में संपन्न हुई। इस मौके पर केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने कहा कि, भारत की आत्मा उसकी विविधता में बसती है, और जब यह विविधता एकता के सूत्र में बंधती है, तो भारत विश्व मंच पर सबसे सशक्त राष्ट्र बनकर उभरता है। सरदार वल्लभ भाई पटेल ने जिस अदम्य साहस, दूरदर्शिता और राष्ट्रीय एकता के बल पर भारत को एक सूत्र में बांधा, वह हम सबके लिए प्रेरणास्रोत हैं।

### मोदी सरकार ने किया मार्ग प्रशस्त

तोखन साहू ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में कहा कि "यह पद यात्रा केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक संकल्प है अखंड भारत की उस भावना को फिर से जागृत करने का, जिसके लिए लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल ने अपना जीवन समर्पित किया। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश उसी एकता और आत्मगौरव के पथ पर आगे बढ़ रहा है। हम सबका कर्तव्य है कि हम मिलकर देश की इस अखंडता, एकता और विकास यात्रा को और गति दें।" श्री साहू ने कहा कि राष्ट्रीय एकता केवल सीमाओं से नहीं, बल्कि विचारों, संस्कृतियों और समाज के हर वर्ग के साथ जुड़ाव से बनती है। मोदी सरकार ने इसी भावना से सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास का मार्ग प्रशस्त किया है।

### मुंगेली-लोरमी में यात्रा आज

भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर 13 नवम्बर को जिले में यूनिटी मार्च का भव्य आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन मुंगेली में शाम 3 से 5 बजे तक किया जाएगा। रेस्ट हाउस मैदान से प्रारंभ होकर दाउपारा, बालानी चौक होते हुए कृषि उपज मंडी परिसर में समाप्त होगी। इसी तरह लोरमी में 13 नवंबर की दोपहर 12 बजे से 'यूनिटी मार्च' निकाला जाएगा। यह मार्च विश्राम गृह से शुरू होकर मंगलम नहर होते हुए महाराणा प्रताप भवन गुरुद्वारा चौक में समाप्त होगा। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने बताया कि इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री (आवास एवं शहरी कार्य) तोखन साहू तथा प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

## वेतन समझौते का बीएमएस करेगा प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीपत

एनटीपीसी में प्रतिनिधि यूनियन चुनाव की गहमागहमी के बीच मंगलवार शाम बीएमएस की विशाल आमसभा आयोजित की गई, जिसमें सैकड़ों कर्मचारियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एनटीपीसी एनबीसी केंद्रीय प्रतिनिधि सुनकरी मलेशन ने कहा कि, बीएमएस का उद्देश्य सिर्फ चुनाव जीतना नहीं, बल्कि मजदूरों की असली लड़ाई लड़ना है। हमारा हर कदम कर्मचारियों की सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए समर्पित है। अब वक्त आ गया है कि मजदूर अपनी ताकत पहचानें, और एकजुट होकर अपने हक की लड़ाई लड़ें। एनटीपीसी मजदूर महासंघ के अध्यक्ष सुरेंद्र राठौर ने कहा कि, बीएमएस हमेशा से मजदूरों की आवाज रहा है। इस बार का चुनाव मजदूरों के सम्मान और आत्मविश्वास की परीक्षा है। बीएमएस की जीत श्रमिक एकता की जीत होगी। मजदूर महासंघ के महामंत्री वीरेंद्र कानूनगो ने कहा कि, यह चुनाव किसी व्यक्ति का नहीं, बल्कि उस विचारधारा का है जो मजदूरों के अधिकारों की रक्षा करती है। इसलिए 15 नवंबर को अपने मत का प्रयोग बीएमएस के पक्ष में करें और अपने भविष्य को सुरक्षित करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीएमएस अध्यक्ष देवप्रताप टंडन ने की। आमसभा में बीएमएस अध्यक्ष देवप्रताप टंडन , महामंत्री सुशील सूर्यवंशी, कार्यकारिणी अध्यक्ष अंकुर दीवान, प्रीतम सिंह राजपूत, संदीप शर्मा, चेलेंजर राठौर, सतीश गिरी, उमेश साहू, रामकुमार कैवर्त, ललित साहू, प्रफुल सिंह, रमेश सिंह, सतीश गोड़, जुगल मिश्रा, ब्रजकिशोर, सतीश गुप्ता, दीपक गुप्ता, आशीष ताम्बेली, अर्जुन वस्त्रकर, सुशील यादव, सुनील यादव, सोमधर दीवान, गड़ेश पटेल, रश्मि क्षत्रिय, देवेंद्र क्षत्रिय, हुसैन कुर्रे, राजिंस बेनर्जी, संजय पटेल, शोभा पटेल, टिकेश्वर पटेल, संतोष केवट, सुरेश राठौर, ऋषि ताम्बेली, राजीव शर्मा, रमाशंकर पटेल, अविनाश चौबे सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।



आमसभा के दौरान मौजूद बीएमएस के सदस्य।



### डीएवी गोढ़ी में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

**बिल्हा।** डीएवी पब्लिक स्कूल गोढ़ी में राष्ट्रगीत 'वन्दे मातरम' की 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों व प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर निबंध लेखन, प्रश्नोत्तरी, वाद-विवाद, पोस्ट निर्माण, चित्रकला, नुक्कड़ नाटक, भाषण इत्यादि प्रतियोगिताओं में स्कूल के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ एसएन पांडेय ने कहा कि 'वन्दे मातरम' मात्र दो शब्द नहीं हैं, बल्कि यह उन करोड़ों देशभक्तों की भावनाओं की गूंज है, जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति देकर इस मातृभूमि को आजादी दिलाई। यह गीत हमें याद दिलाता है कि, हमारी धरती केवल मिट्टी का टुकड़ा नहीं, बल्कि मां है, जो हमें जन्म देती है, पोषण करती है, और हमारी रक्षा करती है।हमें यह प्रण लेना चाहिए कि 'वन्दे मातरम' केवल नारा नहीं, बल्कि हमारे जीवन का मार्गदर्शन बने। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के प्राचार्य के मार्दशन में शिक्षक आशीष सोनी एवं शिक्षिका इंदुलता सोनी के नेतृत्व में किया गया, जिसमें सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सहयोग किया।

## इंटक की आमसभा में कर्मचारियों ने दिखाया दम

**सीपत।** राष्ट्रीय विद्युत कर्मचारी संघ के तत्वावधान में इंटक सीपत की ओर से एक आमसभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एनबीसी केंद्रीय नेतृत्वकर्ता बाबर सलीम पाशा ने कहा कि, झूठ सत्य से बहुत तेजी से आगे निकल जाता है, लेकिन जीत हमेशा सत्य की ही होती है।

आज कर्मचारियों को जो कुछ भी मिला है, उसमें इंटक की अहम भूमिका रही है। सभी कर्मचारी एकजुट रहें, यही इंटक की असली परिभाषा है। एडिशनल सेंट्रल लीडर केपी चंद्रवंशी ने कहा कि, इंटक के बिना किसी भी काम का फैसला संभव नहीं। ऑल इंडिया फेडरेशन के उपाध्यक्ष प्रताप खरे ने कहा कि, 15 नवंबर का चुनाव सीपत के 50 प्रतिशत कर्मचारियों के भविष्य का सबसे बड़ा निर्णय होगा। राष्ट्रीय प्रवक्ता रामस्वरूप सूर्यवंशी ने कहा कि, सीपत मेरा घर और परिवार है। अगर इंटक 60 प्रतिशत से विजय हासिल करती है, तो प्रबंधन सिर्फ हमसे बात करेगा ये बात गांठ बांध लीजिए। अंत में एनटीपीसी इंटक अध्यक्ष सलीम वीरानी ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि, 1998 से इंटक का प्रयास किसानों को उचित मुआवजा और कर्मचारियों को रोजगार दिलाने में अग्रणी रहा है। उन्होंने कहा कर्मचारियों को जो सम्मान और नौकरी मिली है, वह इंटक के अथक प्रयासों का परिणाम है। कार्यक्रम का संचालन ओंकार परिहार ने किया।

सभा को राष्ट्रीय प्रवक्ता रामस्वरूप सूर्यवंशी, महासचिव कमलेश कुमार साव, ललित पगारे, सलीम वीरानी, गौरव, एवं जेके राठौर ने भी संबोधित किया। इस दौरान बड़ी संख्या में इंटक से जुड़े कर्मचारी उपस्थित रहे।



आमसभा में उपस्थित इंटक के कार्यकर्ता।

## समुदाय विशेष पर की टिप्पणी कथावाचक के खिलाफ जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

एक समुदाय विशेष के खिलाफ टिप्पणी करने पर कथा वाचक के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी विवेक पांडेय ने बताया कि, पड़रिया रोड में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा था।

कथा के चौथे दिन कथावाचक आशुतोष चैतन्य ने एक सामुदाय विशेष के विरूद्ध आपत्तिजनक टिप्पणी कर दी। टिप्पणी से आहत होकर समाज के लोग थाने पहुंचे। रामेश्वर रात्रे पिता नरेंद्र रात्रे उम्र 27 वर्ष की शिकायत पर पुलिस ने कथा वाचक के विरूद्ध बीएनएस की धारा 353,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया। मामले में कथा



### कथा वाचक ने माफी मांगी

वाचक आशुतोश चैतन्य ने अपने व्यक्तव्य के लिए खेद प्रकट करते हुए कहा कि, सभी अनुयायी पंथ के सब हमारे परिवार के सदस्य की तरह हैं, सभी राष्ट्र और धर्म को आगे ले जाने के लिए एकजुट हैं। यदि किसी भाई-बहन या पंथ की भावना मेरे शब्दों से आहत हुई है, तो मैं खेद व्यक्त करते हुए क्षमा प्रार्थी हूं। मैं किसी के दिल को दुखाना नहीं चाहता हूं। अधूरी जानकारी के कारण मैंने उक्त शब्द कह दिया दिए। अपने शब्दों के प्रति हृदय से खेद व्यक्त करता हूं।


**न्यायालय श्रीमान् नवम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2 बिलासपुर (छ.ग.)**

कु. आर्या भारती वली पिता दिलेश कुमार भारती.......................वादिनी

//विरूद्ध//

छ.ग. शासन वगैरह..........प्रतिवादीगण

व्य.वा.क्र. 338- अ/2025
पेशी ता. 05.12.2025
आदेश दिनांक 06.11.2025
प्रोसेस क्र. 1027

**समंस**

आम जनता जिनका इससे संबंध हो
.......प्रतिवादी क. 02

वादिनी ने प्रतिवादीगण के विरुद्ध एक व्यवहार वाद वास्ते घोषणा बाबत् पेश किया गया है जिसकी पेशी दिनाक 05.12.2025 को नियत है। प्रतिवादी क्र. 02 आम जनता को इस समाचार पत्र के द्वारा नोटिस / ईश्तहार प्रकाशन किया जा सा है। इस प्रकरण में दिनाक 05.12.2025 को दिन के 11:00 बजे स्वयं एवं अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति कर जवाब पेश कर प्रकरण के कार्यवाही में भाग लेवें अन्यथा आपके विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी। यदि किसी कारण वश पेशी दिनाक 05.12.2025 की इस न्यायालय में अवकाश घोषित हो जाता है या कार्य स्थगित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई अगले कार्य दिवस को की जावेगी।

अतः आज दिनांक 10/11/2025 मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया।

दिनांक- 10/11/2025
स्थान- बिलासपुर

(कु. कोनिका यादव)
नवम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग- 2
बिलासपुर (छ.ग.)



**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मस्तुरी, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र......./अ-2/2025-26
मौजा - खम्हरिया, प.ह.नं. 13,
तहसील सीपत, जिला-बिलासपुर,छ.ग.

नीता साहू पति रामगोपाल साहू निवासी बिटकुला, तहसील सीपत, जिला-बिलासपुर, छ.ग..........आवेदक/आवेदिका **विरूद्ध....** छ.ग. शासन.....................अनावेदक

एतद् द्वारा ग्राम खम्हरिया, प.ह.नं. 13, तहसील सीपत, जिला-बिलासपुर, छ.ग. के आम जनता को सूचित किया जाता है कि- आवेदक/आवेदिका नीता साहू पति रामगोपाल साहू, निवासी बिटकुला, तहसील सीपत, जिला-बिलासपुर छ.ग. ने उपस्थित होकर मौजा खम्हरिया प.ह.नं. 13, तहसील सीपत, जिला-बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 269/8, रकबा 0.0080 हे. भूमि को छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा-172 के तहत व्यवसायिक हेतु डायवर्सन कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसकी सुनवाई दिनांक- 21.11.2025 के लिये नियत हैं।

अतः तत्संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो अपना दावा / आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई तारीख तक प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक-07.11.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**मस्तूरी, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**



**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मस्तुरी, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र.-........./अ-2/2025-26
मौजा-खम्हरिया, प.ह.नं. 13,
तहसील सीपत, जिला-बिलासपुर, छ.ग.

मुस्तकीम अंसारी पिता रहमान अली निवासी तिवरता, तहसील हरदीबाजार, जिला-कोरबा, छ.ग...................आवेदक/आवेदिका विरूद्ध.........छ.ग. शासन......अनावेदक

एतद् द्वारा ग्राम खम्हरिया, प.ह.नं. 13, तहसील सीपत, जिला-बिलासपुर, छ.ग. के आम जनता को सूचित किया जाता है कि- आवेदक/आवेदिका मुस्तकीम अंसारी पिता रहमान अली, निवासी तिवरता, तहसील हरदीबाजार, जिला-कोरबा, छ.ग. ने उपस्थित होकर मौजा खम्हरिया प.ह.नं. 13, तहसील सीपत, जिला- बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 37/8, रकबा 0.0199 हे0 भूमि को छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा-172 के तहत व्यवसायिक हेतु डायवर्सन कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसकी सुनवाई दिनांक-21.11.2025 के लिये नियत है।

अतः तत्संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो अपना दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई तारीख तक प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक-07.11.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**मस्तूरी, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**



**न्यायालय तहसीलदार लालपुर थाना जिला-मुंगेली ( छ.ग.)**

**ईश्तहार**

(समाचार पत्र में प्रकाशन हेतु)
रा.प्र.क्र...........ब-121/2025
क्रमांक/422/वाचक/तह./2025
लालपुर थाना दिनांक 10.11.25

सर्वसाधारण/आम जनता ग्राम विचारपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक मूलचन्द पति/पिता श्री मतवार जाति रावत साकिन विचारपुर तहसील लालपुर थाना जिला-मुंगेली (छ.ग.) के द्वारा आवेदन पत्र पेश किया गया है कि आवेदक के माता भूरी बाई पति श्री मतवार के मृत्यु दिनांक 05/09/2015 ग्राम विचारपुर को हो जाने के कारण मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु इस न्यायालय से आदेश हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी प्रकार का कोई दावा/आपत्ति हो तो न्यायालय में दिनांक 25.11.25 समय प्रातः 11:00 बजे दिन को स्वयं/अपने प्राधिकृत के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 10/11/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया है।

**तहसीलदार**
**लालपुर थाना,**
**जिला-मुंगेली ( छ.ग.)**



**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल जूना बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग.**

**सूचना**

क्र./क/रा.नि./2025
जूना बिलासपुर दिनांक 06.11.2025

प्रति,
1. प्रमिला तिवारी पति मुलचंद तिवारी 2. अमित कश्यप पिता भैरो 3. भैरो उर्फ सुरेन्द्र कश्यप पिता उमानाथ 4. देवीशंकर पिता स्व. चंद्रिका प्रसाद अन्य सर्व संबंधित हितबद्ध पक्षकार (समीपी भूमिस्वामियों की जानकारी ज्ञापन में दर्ज/आवेदक के बताए अनुसार)

विषयः- सीमांकन में उपस्थित होने बाबत

संदर्भः-न्यायालय तहसीलदार का ज्ञापन क्र/क/तह./वाचक/2025 बिलासपुर दिनांक..

आवेदक प्रमिला तिवारी निवासी शुभम विहार बिलासपुर के द्वारा ग्राम जूना बिलासपुर प.ह.नं 36 रा.नि.मं. जूना बिलासपुर तहसील बिलासपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 343/198 रकबा 0.0190 हे. के सीमांकन हेतु न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। संदर्भित न्यायालयीन ज्ञापन के परिपालन में आवेदित भूमि का सीमांकन दिनांक 14.11.2025 को समय 12 से 05 बजे किया जायेगा। अतः आप भूमि संबंधित दस्तावेज के साथ निर्धारित तिथि एवं समय को मौके पर अनिवार्यतः उपस्थित होवें। अनुपस्थिति के लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे और बाद की आपत्ति पर स्वीकार्य नहीं होगी।

**टीपः-** 1. आवेदक सीमाचिन्ह स्थापित करने हेतु आवश्यक सामाग्री और मजदूर की व्यवस्था करें। 2. विशेष परिस्थिति में अपरिहार्य कारणों से सीमांकन तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।

**राजस्व निरीक्षक,**
**जूना बिलासपुर (छ.ग.)**



कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल-सिरगिटटी तहसील-बिलासपुर जिला-बिलासपुर छ.ग.

**सूचना**

क्रमांक /./ सीमांकन/रा.नि./2025
दिनांक 8/11/2025

आवेदक :- प्रकाश उभरानी आवेदक के बताये अनुसार समीपस्थ भूमि स्वामी
1 सुशील पात्रे 2 विजय छुगानी 3 अरुण मौर्य 4 अन्य सर्व संबंधित।

विषयः सीमांकन में उपस्थिति बाबत।

संदर्भ :- न्यायालय तहसीलदार / ना. तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्र तह./ ना.तह./वा..../ 2025 बिलासपुर दिनांक 4/11/2025

ग्राम ढेका प.ह.नं. 44 रा.नि.मं. सिरगिटटी तहसील व जिला - बिलासपुर स्थित भूमि ख.नं. 164/62, 166/14 रकबा 0.0810, 0.0400 हे. के सीमांकन हेतु आवेदक / आवेदिका प्रकाश उभरानी पि गोलाराम निवासी जिला- बिलासपुर के द्वारा छ.ग. भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसीलदार / अति.तह. / ना. तहसीलदार बिलासपुर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोवत भूमि का सीमांकन दिनांक 13/11/2025 को समय 10 से 5 बजे किया जाना है। आप उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबंधित दस्तावेज के साथ मौके पर उपस्थित होवे एवं उक्त समय पश्चात की गई आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

राजस्व निरीक्षक सिरगिटटी
तहसील व जिला बिलासपुर



**आम सूचना**

मै रामस्वरूप मुरारका वल्द स्व. महावीर प्रसाद मुरारका, निवासी इमलीपारा बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर छ. ग. का रहने वाला हूं जो कि ग्राम विंध्यासर प.ह.नं. 46, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर छ0 ग0 स्थित भूमि खसरा नं. 631, रकबा 0.2020 हेक्टेयर भूमिस्वामी श्री जसपाल सिंह, वल्द सरदार कुलबीर सिह आनंद निवासी प्रियदर्शनी नगर वाले से बयाना देकर इकरारनामा करा लिया है भविष्य मे जल्द रजिस्ट्री करवाना है अतः 07 दिन के अंदर किसी को कोई आपत्ति हो तो मै दस्तावेज के साथ मुझसे संपर्क करें जिसकी चतुर्सीमा इस प्रकार है -

उत्तर में - खसरा नं. 633 काठाकोनी विंध्यासर पहुंच मार्ग पक्की सड़क, दक्षिण में-630/1, जगन्नाथ सोनी की भूमि, पूर्व खसरा नं. 350/1, मनहरण वल्द गरीबा की भूमि, पश्चिम में - खसरा तं 1643/1 कच्ची सड़क

**रामस्वरूप मुरारका**
**इमलीपारा बिलासपुर छ.ग.**
**मोबाईल नं. 9300292865**



**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)**

**//ईश्तहार//**

क्रमांक /क/तह./ वा./2025 बिलासपुर,
दिनांक 12/11/2025,

ग्राम तोरवा के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम-तोरवा प.ह.नं.37, तहसील बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 585/5, 587/4 रकबा 0.018 हे. हेक्टेयर / एकड़ भूमि का द्वितीय ऋण पुस्तिका के लिए के आवेदक/आवेदिका मुरारी लाल पटेल पति/पिता स्व.बोधराम पटेल निवासी आर.टी.एस.कॉलोनी तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया।

यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 28/11/2025 को समय 11.00 स्वयं अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेंगे।

आज दिनांक 12/11/2025 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**बिलासपुर (छ.ग.)**



**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)**

**//ईश्तहार//**

क्रमांक /क/तह./ वा./2025 बिलासपुर,
दिनांक 12/11/2025,

ग्राम तोरवा के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम-तोरवा प.ह.नं.37, तहसील बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 585/3, 587/2 रकबा 0.057 हे. हेक्टेयर / एकड़ भूमि का द्वितीय ऋण पुस्तिका के लिए के आवेदक/आवेदिका रामबाई पति/पिता स्व.बोधराम पटेल निवासी आर.टी.एस.कॉलोनी तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया।

यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 28/11/2025 को समय 11.00 स्वयं अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेंगे।

आज दिनांक 12/11/2025 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**बिलासपुर (छ.ग.)**



न्यायालय श्रीमान प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, बिलासपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.)

**नोटिस/समंस**

प्रत्युष सिंह ठाकुर ........वादी

- विरूद्ध -

श्रीमती स्मृता सिंह ठाकुर व अन्य..प्रतिवादीगण
व्य. वाद.क्र.-74/2025
प्रोसस क्र.- . 175/25
पेशी ता. 03/12/2025

बनाम- आम जनता / सर्वसाधारण

वादी की ओर से एक व्यवहार वाद माननीय न्यायालय में पक्षकार प्रत्युष सिंह ठाकुर विरूद्ध श्रीमती स्मृता सिंह ठाकुर व अन्य व्य.वा.क्र. 74/2025 पेश किया गया है। उपरोक्त आम जनता/सर्वसाधारण को इस समाचार पत्र के माध्यम से दिनांक 03/12/2025 को इस न्यायालय में 11.00 बजे दिन को स्वयं उपस्थित होकर अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर प्रकरण की कार्यवाही में भाग लेवें अन्यथा आपकी अनुपस्थिति होने पर आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

यदि किसी कारण वश पेशी दिनांक 03/12/2025 को इस न्यायालय में अवकाश घोषित हो जाता है अथवा कार्य स्थगित हो जाता है तो उसके अगले दिवस को अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 11/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा लगाकर जारी किया गया।

**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी,**
**बिलासपुर (छ.ग.)**



कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल सिरगिटटी तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग.

**सूचना**

क्रमांक // सीमांकन/रा.नि./2025
दिनांक..........

आवेदक रेवती टाह आवेदक के बताये अनुसार समीपस्थ भूमि स्वामी
1. गीता साहू 2. प्रसन्ना अनिवाल अन्य सर्वसंबंधित

विषयः- सीमांकन के संबंध में।

संदर्भः न्यायालय तहसीलदार / अति. तहसीलदार / ना. तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्र... तह./ अति. तह. / ना.तह. / वा./ 2025 बिलासपुर दिनांक.

ग्राम सिरगिट्टी प.ह.नं. 41 रा.नि.सं. सिरगिटटी तहसील व जिला - बिलासपुर स्थित भूमि ख.न. 359/6 रकबा 0.020 हे. के सीमांकन हेतु आवेदिका रेवती टाह पति के.एम. टाह निवासी जरहाभाठा जिला बिलासपुर के द्वारा छ.ग. भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसीलदार / अति.तह. / ना. तह. बिलासपुर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 17/11/25 को समय 10 से 5 बजे किया जाना है। आप उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबंधित दस्तावेज के साथ मौके पर उपस्थित होवे एवं उक्त समय पश्चात की गई आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

राजस्व निरीक्षक सिरगिट्टी
तहसील व जिला बिलासपुर



कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल सिरगिटटी तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग.

**सूचना**

क्रमांक // सीमांकन/रा.नि./2025
दिनांक..........

आवेदक प्रसन्ना अनिवाल आवेदक के बताये अनुसार समीपस्थ भूमि स्वामी
1. रेवती टाह, 2 गीता साहू अन्य सर्वसंबंधित

विषयः- सीमांकन के संबंध में।

संदर्भः न्यायालय तहसीलदार / अति. तहसीलदार / ना. तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्र... तह./ अति. तह. / ना.तह. / वा./ 2025 बिलासपुर दिनांक.

ग्राम सिरगिट्टी प.ह.नं. 41 रा.नि.सं. सिरगिटटी तहसील व जिला - बिलासपुर स्थित भूमि ख.न. 359/5 रकबा 0.013 हे. के सीमांकन हेतु आवेदक प्रसन्ना अनिवाल पिता दिलीप पुरूषोत्तम निवासी बिलासपुर जिला बिलासपुर के द्वारा छ.ग. भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसीलदार / अति.तह. / ना. तह. बिलासपुर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 17/11/25 को समय 10 से 5 बजे किया जाना है। आप उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबंधित दस्तावेज के साथ मौके पर उपस्थित होवे एवं उक्त समय पश्चात की गई आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

राजस्व निरीक्षक सिरगिट्टी
तहसील व जिला बिलासपुर

## खबर संक्षेप

### धरमलाल ने एसआईआर फार्म भरकर बीएलओ को सौंपा



**बोदरी।** बिल्हा धरमलाल कौशिक ने मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत अपना फॉर्म भरकर बीएलओ को सौंपते हुए मतदाताओं को जागरूक करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि, सभी मतदाताओं को विशेष पुनरीक्षण से संबंधित फॉर्म और पुरानी मतदाता सूची की प्रति उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि, वे इस महत्वपूर्ण कार्य में सक्रिय भागीदारी निभाएं, और समय रहते अपने दस्तावेज जमा करें। मतदाता सूची में नाम दर्ज कराना हर नागरिक का संवैधानिक अधिकार है, और यह जरूरी है कि, कोई भी पात्र व्यक्ति वंचित न रह जाए। उन्होंने ग्रामीणों से अनुरोध किया कि, वे स्वयं फॉर्म भरें, और अपने आस-पड़ोस के लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें।

### सरकारी स्कूल फास्टरपुर में एकता रैली



**सेतगंगा-मुंगेली।** भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर शासकीय उमा विद्यालय फास्टरपुर में एकता रैली आयोजित की गई। रैली का शुभारंभ प्राचार्य डॉ पूर्णिमा मिश्रा ने हरी झंडी दिखाकर किया। छात्र-छात्राओं ने हाथों में राष्ट्रीय एकता, भाईचारे और अखंडता के संदेश वाले बैनर एवं तख्तियां लेकर पूरे नगर में रैली निकाली। सभी प्रतिभागी नारे लगाते हुए लोगों में एकता का संदेश फैलाते रहे। रैली के उपरांत विद्यालय प्रांगण में स्वयंसेवको एवं छात्र-छात्राओं को एकता की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का संचालन डॉ रामबाबू मिश्र एवं आभार प्रदर्शन दल नायक विकास साहू ने किया। इस मौके पर शिक्षक, विद्यार्थी तथा स्थानीय नागरिकों की सक्रिय भागीदारी रही।

### मूक-बधिर के साथ दुष्कर्म आरोपी को आजीवन कारावास




**मुंगेली।** श्रवण एवं वाक बाधित गूंगी-बहरी महिला के साथ बलात्कार करने के मामले में महिला के रिश्तेदार को दोषी पाते हुए फास्ट ट्रैक कोर्ट ने आजीवन कारावास एवं 2 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड जमा न करने पर अभियुक्त को 6 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। फास्ट ट्रैक कोर्ट के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार सोम की अदालत ने संवेदनशील एवं जघन्य अपराध के मामले में ऐतिहासिक निर्णय सुनाया। अदालत ने रिश्ते के नाना को अपनी ही मूक-बधिर नातिन के साथ बलात्कार का दोषी पाते हुए आजीवन कारावास एवं 2 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड जमा न करने पर अभियुक्त को 6 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

### डुमरिहा में वार्ड परिक्रमा जागरूकता कार्यक्रम



**गौरेला।** गौरेला पुलिस के जवानों ने अपराध रोकने एवं साइबर ठगी के बारे में जानकारी प्रदान करने के लिए नगर के विभिन्न वार्डों का भ्रमण किया। इसी क्रम में वार्ड क्र 10 के ग्राम डुमरिहा में साइबर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में नपा उपाध्यक्ष रोशनी तापस शर्मा, मुख्य वक्ता एवं विशिष्ट अतिथि एएसपी ओम चंदेल, थाना प्रभारी सौरभ सिंह की उपस्थिति रही। मुख्य वक्ता ओम चंदेल ने नगर में अपराध की रोकथाम, साइबर अपराध, बढ़ते नशे एवं वार्डो की समस्याओं को जानकारी प्रदान करते हुए जागरूकता के संबंध में जानकारी से विस्तार प्रदान की। नपा उपाध्यक्ष रोशनी तापस शर्मा ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि, गौरेला पुलिस ने एक अच्छी पहल प्रारंभ की है। इससे नगर में पुलिस के प्रति विश्वास का भाव उत्पन्न होगा। इस अवसर पर तापस शर्मा, अमित परतोती, नूतन भानू, अमृत कुमार, रविशंकर पोर्ते, धीरज, सहित बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी एवं वार्डवासी मौजूद रहे।

### लुढ़का पारा, अलाव का सहारा लेते दिखे लोग लोग

**बेलतरा।** छत्तीसगढ़ में लगातार तापमान में गिरावट देखी जा रहा है, खास कर नवंबर के महीने में ठंड ने 35 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। शीतलहर का दौर लगातार जारी है। बारिश थमने के बाद जैसे ही बदली छंटना शुरू हुई, क्षेत्र में ठंड का असर तोजी से देखने को मिला है। बेलतरा बस स्टैंड पर सुबह-सुबह राहगीर चाय बनाने वाली भट्टी में आग तापते नजर आए। साथ ही स्कूल एवं ट्यूशन जाने वाले बच्चों ने भी सुबह-सुबह आग के सामने खड़े होकर हाथ सेंकते देखे गए।


उड़ती धूल व अव्यवस्था की वजह से आए दिन हो रहे गंभीर हादसे
जर्जर पुल पर मौत बनकर दौड़ रहे भारी वाहन

मनियारी पुल पर हुआ डामरीकरण पर चौड़ीकरण की बढ़ने लगी मांग

नहीं हो रहा बाईपास का उपयोग, मनियारी पुल पर बढ़ा दबाव

बरेला बाईपास सड़क से उखड़ा डामर जाने से डर रहे भारी वाहन चालक

जर्जर पुल पर मौत बनकर दौड़ रहे भारी वाहन, हाईकोर्ट ने लिया संज्ञान

मनियारी पुल की जर्जर हालत को लेकर हरिभूमि लगातार खबर प्रकाशित करता रहा है।

## बाइपास पर उड़ रहा धूल का गुबार

# मनियारी पुल की मरम्मत का काम शुरू, 1 हफ्ते में होगा पूरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जरहागांव

बरेला और तखतपुर को जोड़ने वाली जर्जर मनियारी पुल की मरम्मत करने 64 लाख की राशि शासन की ओर से मंजूर करने के बाद 12 नवंबर से पुल के दोनों तरफ बैरिकेट लगाकर मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया गया है। ज्ञात हो कि, मनियारी जर्जर पुल में बड़े बड़े गड्ढे हो गए थे जहां से पार करना खतरे से खाली नहीं था। पुल पर आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती थी। मरम्मत हेतु पुल के दोनों तरफ बैरिकेट लगाई गई है, जिनकी सूचना कलेक्टर कुंदन कुमार के द्वारा जारी कर दी गई है। लगभग एक सप्ताह तक काम पूरा कर लेने की बात बताई गई है, तब तक मुख्य मार्ग बंद रहेगा। बरेला बायपास से बेलसरी मुख्य मार्ग से निकलने वाली सड़क के गड्ढे को रॉबिंस से भरा गया है। यहां से गाड़ी गुजरते वक्त धूल के गुबार के कारण सामने की ओर से आने वाली गाड़ियां नजर नहीं आती है। जिस बाई पास से कभी गाड़ी गुजरती नहीं थी वही से आपातकालीन की स्थिति में गुजरना पड़ रहा है पर सड़क में पानी डाला जाता तो धूल नहीं उड़ती।

■ दिनभर लग रहा जाम, लोग हो रहे परेशान


मनियारी पुल पर चल रहा काम एवं इनसेट में बाइपास में लगा जाम।

### 2 मिनट का रास्ता एक घंटे में तय कर रहे लोग

मुंगेली से आ रहे राहगीर समरचुआ मोड़ से एवं बिलासपुर की ओर से आ रहे यात्री मंडी चौक से कुरानकापा के तरफ जा रहे हैं। दोनों तरफ से लोगों को भीड़ होने के कारण राहगीर कुरानकापा की खतरनाक सड़क पर जाम में फंस रहे हैं। एक तो सड़क मात्र 12 फिट की है, वहीं सड़क पर अनगिनत गड्ढे होने के कारण लोगों के लिए हमेशा खतरे की स्थिति बनी रहती है। स्थिति यह है कि 2 मिनट का रास्ता आधे से एक घंटा में तय किया जा है। लोगों का कहना है कि, सड़क बंद करने से पहले आवागमन की व्यवस्था दुरुस्त करना था।



## अधिकारी-कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

छत्तीसगढ़ अधिकारी-कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन तखतपुर की बैठक में केन्द्र सरकार द्वारा देय तिथि से महंगाई भत्ते की राहत प्रदान करने, धारा 49(6) को समाप्त करने, नियमित कर्मचारियों के समान पेंशनर्स को भी डीए राहत का लाभ देने, 80 वर्ष की आयु पर 20 प्रतिशत पेंशन वृद्धि की सीमा घटाकर 70 वर्ष करने, निशुल्क कैशलेस चिकित्सा सुविधा लागू करने, सदस्य संख्या वृद्धि, तथा तीर्थाटन योजना में पेंशनर्स को शामिल करने जैसे प्रस्तावों पर चर्चा की गई।

बैठक को अरविन्द शर्मा, डीएस ठाकुर, डीपी जायसवाल, नीलम राजकुमार, रामावतार तिवारी, केपी साहू, आरजे जायसवाल, विनोद शर्मा, राजकुमार शर्मा, योगेश्वर सिंह क्षत्री, जनकलाल शर्मा, एसएल हिंडोरे, जगमोहन ठाकुर, रामकुमार निर्मलकर ने अपने विचार व्यक्त किए। संरक्षक बीएल तिवारी, केडी सोनी, बीबी दुबे, एलपी श्रीवास तथा तहसील अध्यक्ष नंदकुमार साहू ने संबोधित किया।

कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता उमर कुरैशी तथा आभार प्रदर्शन नंदकुमार साहू ने किया गया। बैठक में गजानंद क्षत्रिय, मानसिंह ध्रुवे, भरतलाल यादव, एनपी कौशिक, आरबी साहू, श्याम यादव, कुंवरकांत देवांगन सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने एसोसिएशन की विधिवत सदस्यता ग्रहण की।

## उड़नताल स्वास्थ्य शिविर में 115 की जांच व उपचार

**दगोरी।** राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के तहत बिल्हा के ग्राम उड़नताल में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीण चिकित्सा सहायक राजेश सिंह ने 155 मरीजों की जांच व उपचार किया।

इस दौरान गर्भवती, शिशुवती, पालयनवादी, ट्रकर्श महिलाओं, बालिकाओं, पुरुष, युवायों की बीपी, शुगर, एचआईवी, सिफलिश की जांच कर उपचार किया गया। ब्लड सैंपल कलेक्शन मेडिकल लैब टेक्नोलॉजिस्ट वरुण कौशल ने लिया। एड्स काउंसलर बिल्हा सूरज दीवान ने एचआईवी एड्स जागरूकता अभियान के तहत एसटीआई यौन जनित रोगों के कारण, उपचार, निदान व बचाव की जानकारी प्रदान की। डीआरपी अनोज सोनी ने एचआईवी के कारण, बचाव एवं सावधानियों के बारे में बताया। समर्पित लिंक योजना के जिला अध्यक्ष डॉ संदीप शर्मा, प्रोजेक्ट डायरेक्टर नाजनीन अली की देखरेख में शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्राम सरपंच गुंजारा यादव, उप सरपंच प्रकाश बंजारे, सचिव राजेश पात्र, पंच, पूर्व उप सरपंच उत्तरा गायकवाड़, जोनल सुपरवाइजर भागवत प्रसाद वर्मा, मितानिन मीना टंडन, धनेश्वरी टंडन सहित लिंक वर्कर दशरथ सन्नाट, महंत विश्वनाथ दास, महेश निषाद सहित बड़ी संख्या में लाभार्थी व ग्रामवासी उपस्थित थे।



## भागवत कथा मनोरंजन नहीं, मनोमंथन का विषयः कृष्णप्रिया

**लोरमी।** कथावाचिका कृष्णप्रिया ने श्रद्धालुओं को तीसरे दिवस की कथा का श्रवण कराया। भागवत कथा की महिमा का वर्णन करते हुए कथावाचिका कृष्णप्रिया ने कहा कि, भागवत कथा हमें जीवन जीना सीखाती है। श्रीमद भागवत कथा श्रवण से जन्म जन्मांतर के विकार नष्ट होकर प्राणी मात्र का लौकिक व आध्यात्मिक विकास होता है। जहां अन्य युगों में धर्म लाभ एवं मोक्ष प्राप्ति के लिए कड़े प्रयास करने पड़ते हैं, कलयुग में कथा सुनने मात्र से व्यक्ति भवसागर से पार हो जाता है।

सोया ज्ञान वैराग्य कथा सुनने से जाग्रत हो जाता है। कथा कल्पवृक्ष के समान है, जिससे सभी इच्छाओं की पूर्ति की जा सकती है। भागवत महात्यम प्रसंग को आगे बढाते हुए देवी जी ने कहा कि, कुछ लोगों का कहना है कि, जो लोग जितना पूजा-पाठ करते हैं, वे ज्यादा परेशान रहते हैं और दुख प्राप्त करते हैं। वास्तव में ऐसा नहीं है, यह सब कर्मो के फल पर आधारित है। सात जन्म पहले किए गए गलत कर्मों का फल इंसान को भुगतना जरूर पड़ता है। भीष्म पितामाह का उदाहरण सबके सामने है। उन्होंने ने बतलाया कि, भगवान के विग्रह के दर्शन करते समय आंखे बंद न करें। उनकी अलौकिक छवि का नेत्रों के माध्यम से अधिक से अधिक रसपान करना चाहिए। याद रखें वो ईश्वर हैं, उन्हें किसी चीज की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि, भगवान के पास केवल मांगने ही न जाएं, कभी-कभी उनसे मिलने भी जाएं। युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए उन्होंने कहा कि, आज युवाओं में संघर्ष करने की प्रवृत्ति कम होती जा रही है, यह बेहद चिंता विषय है। युवा वर्ग संघर्ष किए बिना सफलता पाना चाहता है, जो संभव नहीं है। सफलता पाने के लिए आत्मविश्वास का होना बेहद जरूरी है। श्रीमद्भागवत कथा व सत्संग आदि सुनने से भर से आत्मविश्वास बढ़ता है। जब भी वक्त मिले युवा वर्ग भक्ति से संबंधित कार्यक्रम देखें, और और साथ ही योग इत्यादि द्वारा अपने दृढ़ संकल्प इच्छाशक्ति को बढ़ाएं। कथा में देवी कृष्णप्रिया के मधुर भजनों ने श्रद्धालुओं को झूमने के लिए मजबूर कर दिया। इस अवसर पर तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजदू रहे।



## कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास में विधिक जागरूकता शिविर



**मुंगेली।** राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुंगेली एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश गिरिजा देवी मेरावी के मार्गदर्शन में कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लगभग 200 छात्राओं ने भाग लिया। इस दौरान छात्राओं को शिक्षा के महत्व, बालिकाओं के अधिकारों, संविधान में प्रदत्त मौलिक अधिकारों, लैंगिक समानता, बाल विवाह निषेध अधिनियम, लैंगिक अपराधों से संरक्षण अधिनियम तथा महिलाओं के प्रति अपराधों से संबंधित भारतीय दंड संहिता की धाराओं 354, 354 आदि की जानकारी दी गई। साथ ही सायबर अपराधों, ऑनलाइन ठगी, छात्रओं को उनके अधिकारों एवं कानूनी सहायता के लिए उपलब्ध निशुल्क सेवाओं और इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग के विषय में भी विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुंगेली की सचिव कंचन लता आचला ने बताया कि, शिविर में छात्राओं को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने और समाज में जागरूक नागरिक बनने प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जसविंदर कौर, अजमानी मलिक, सिविल जज कनिष्ठ श्रेणी के प्रथम अतिरिक्त न्यायाधीश श्रेया तुलावी, सिविल जज कनिष्ठ श्रेणी के तृतीय अतिरिक्त न्यायाधीश अतनु प्रसाद सहित अन्य न्यायधीश मौजूद रहे।

## बिना तिथि वाली पानी बोतलों की जांच, नमूने लिए गए



**मुंगेली।** जिले के खाद्य प्रतिष्ठानों में बिना उत्पादन एवं अवसान तिथि के पानी की बोतलों तथा पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर पर रोक लगाने के लिए विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच की गई। इस दौरान बिना तिथि वाले पानी की बोतलों की जांच की गई, तथा नमूने संकलित कर राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर भेजा गया। साथ ही सभी विक्रेताओं को बिना उत्पादन एवं अवसान तिथि के पानी की बोतलों तथा पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर का विक्रय एवं भंडारण तत्काल बंद करने के निर्देश दिए गए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि, मुंगेली में संजय ट्रेडर्स, बंटी पान मसाला, महावीर पान मसाला, न्यू देवांगन किराना स्टोर्स, मक्कड़ एजेंसी, दीपक कन्फेक्शनरी जरहागांव खोपचा ढाबा गीधा एवं जीत एजेंसी बरेला का निरीक्षण किया गया। इस दौरान किसी भी प्रतिष्ठान में बिना उत्पादन एवं अवसान तिथि वाले 250 मिली के पानी की बोतलों का विक्रय नहीं पाया गया। उन्होंने बताया कि, दीपक कन्फेक्शनरी जरहागांव से किन्ले पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर तथा संजय ट्रेडर्स मुंगेली से शिवनाथ पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर एवं कोलिक विथ एडेड मिनरल वाटर 200 मिली के नमूने जांच हेतु संकलित किए गए। राज्य प्रयोगशाला से परीक्षण रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत दोषियों के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## जागरूकता बैठक में शामिल हुए 150 से अधिक समाज प्रमुख



**मुंगेली।** पुलिस विभाग द्वारा चलाये जा रहे अभियान 'पहल' के तहत एसपी कार्यालय में सामाजिक समरसता बनाए रखने हेतु सामाजिक जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में साइबर अपराध, यातायात नियमों का पालन, नशामुक्ति एवं बच्चों व महिलाओं से संबंधित अपराधों के संबंध में जानकारी दी गई। बैठक में जिले के 150 से अधिक समाज प्रमुख एवं सामाजिक प्रतिनिधि उपस्थित रहे। 'पहल' अभियान के तहत आयोजित बैठक कार्यक्रम में जिला कलेक्टर कुंदन कुमार, एसपी भोजराम पटेल व जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पांडेय ने उपस्थित समाज प्रमुखों को विभिन्न विषयों साइबर अपराध, यातायात के नियम व उसके पालन, नशामुक्ति एवं बच्चों व महिलाओं से संबंधित अपराधों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की। साथ ही समाज प्रमुखों से सामाजिक स्तर पर अपने-अपने समाज के लोगों को सामाजिक बुराईयों एवं कुरितियों, साइबर फ्रॉड बचने व उनके प्रलोभन में नहीं आने, नशे से दूर रहने, यातायात नियमों का पालन करने एवं कम उम्र के बच्चों को वाहन नहीं चलाने देने की अपील की गई। बैठक कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पांडेय, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मयंक तिवारी, उप पुलिस अधीक्षक नवनीत पाटिल, हरविंदर सिंह, रक्षित निरीक्षक नरगिस ख्रस्टि तिग्गा, सर्व समाज प्रमुख एवं सामाजिक प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## सैलून से मसाज करवा कर बाहर निकलते ही तहसीलदारों की युवकों ने की पिटाई

**कोरबा।** तहसीलदार व अतिरिक्त तहसीलदार मंगलवार की रात कुसमुंडा आदर्श नगर के एक सैलून में मसाज करा कर जैसे ही बाहर निकले एक दर्जन युवकों ने गाड़ी खड़ी करने के नाम पर तहसीलदार से वाद विवाद करते हुए तहसीलदार व अतिरिक्त तहसीलदार की जमकर पिटाई कर दी है। जिससे दोनों अधिकारी को गंभीर चोट आई है। जिन्हें स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले की शिकायत सामने आते ही पुलिस की टीम भी हरकत में आई और मारपीट की घटना को अंजाम देने वाले तीन आरोपियों गिरफ्तार कर लिया है, जबकि मामले में फरार चल रहे अन्य आरोपियों की पुलिस सरगर्मी से खोजबीन में जुटी हुई है।

जानकारी के अनुसार दीपका के तहसीलदार अमित कुमार केरकेट्टा व अतिरिक्त तहसीलदार अभिजीत राजभुवन मंगलवार की देर शाम अपना काम निपटाकर रात लगभग 9 बजे कुसमुंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत आदर्श नगर स्थित एक सैलून में मसाज कराने पहुंचे हुए थे जहां उन्होंने अपनी चार पहिया वाहन स्कार्पियो को सैलून के सामने खड़ा कर दिया था। रात लगभग 10:30 बजे जैसे ही मसाज पूरा हुआ तहसीलदार व अतिरिक्त तहसीलदार दोनों सैलून से बाहर निकले इसी दौरान आदर्श नगर में रहने वाले लगभग एक दर्जन युवक वहां पहुंचे और तहसीलदार अमित केरकेट्टा व अतिरिक्त तहसीलदार अभिजीत राजभुवन को उनकी चार पहिया गाड़ी को सड़क में कैसे खड़ा किए हो करके उनसे वाद-विवाद करने लगे। देखते ही देखते वाद-विवाद इतना बढ़ गया कि युवकों ने दोनों अधिकारियों की जमकर पिटाई कर दी जिससे दोनों अधिकारियों को गंभीर चोट आई है। मामले की शिकायत पर कुसमुंडा पुलिस ने मारपीट की घटना को अंजाम देने वाले एक दर्जन युवकों के खिलाफ धारा 191(2),109,310(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर लिया था। बुधवार की सुबह कुसमुंडा थाना प्रभारी युवराज तिवारी ने मारपीट की घटना को अंजाम देने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपियों में सीएमपीड़ीआई कॉलोनी निवासी पुनेश शर्मा उम्र 34 वर्ष पिता स्व सुरेश प्रसाद, आर्दश नगर निवासी पवन पाण्डेय उम्र 25 वर्ष पिता निशिकांत एवं आदर्श नगर कुसमुंडा निवासी प्रीतम सारथी उम्र 39 साल पिता प्रेमलाल सारथी शामिल हैं।


पुलिस गिरफ्त में आरोपी।


मारपीट में घायल तहसीलदार।

## एचडीएफसी बैंक का उद्घाटन आज, तेखन होंगे शामिल

**मुंगेली।** जिले के लोगों के लिए बैंकिंग सुविधाओं का नया अध्याय खुलने जा रहा है। विश्वस्तरीय बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने वाला एचडीएफसी बैंक अब अपने ग्राहकों को एक नए और आधुनिक परिसर से सेवाएं देने जा रहा है। बैंक की मुंगेली शाखा का स्थानांतरण एक नए पते पर किया गया है, जहां अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त बैंकिंग अनुभव ग्राहकों को मिलेगा।




शाखा उद्घाटन समारोह का आयोजन 13 नवंबर दोपहर 2 बजे से किया जाएगा। इस विशेष अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू उपस्थित रहेंगे। बैंक की नई शाखा का शुभारंभ किया जाएगा एवं उपस्थित अतिथियों और ग्राहकों को बैंक की नवीनतम सेवाओं और उत्पादों से परिचित कराया जाएगा। शाखा प्रबंधक बददेव भट्टाचार्य ने बताया कि, नई शाखा को ग्राहकों की सुविधा और आधुनिक बैंकिंग जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। यहां डिजिटल बैंकिंग, लोन, निवेश, बीमा और अन्य वित्तीय सेवाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध होंगी। बैंक प्रबंधन ने नागरिकों से आग्रह किया है कि, वे इस शुभ अवसर पर शामिल होकर नए परिसर और उसकी सुविधाओं का अनुभव लें।

खबर संक्षेप

## कोतमा स्टेशन में कोयले की खुली नीलामी आज

**बिलासपुर।** कोतमा स्टेशन में रखे लगभग 155 टन कोयले की नीलामी कोतमा रेलवे स्टेशन के मुख्य स्टेशन प्रबंधक कार्यालय में 13 नवम्बर गुरुवार को दोपहर 12 बजे करना सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्धारित किया गया है। इच्छुक पार्टी/पार्टियों को खुली बोली नीलामी हेतु निर्धारित समय व दिनांक तथा स्थान पर उपस्थित होकर प्रक्रिया में भाग लेना होगा व उच्चतम बोली लगाने वाली पार्टी के पक्ष में नियमानुसार नीलामी की जाएगी। नीलामी में क्रय किए गए कोयले के मूल्य का भुगतान 18 प्रतिशत जीएसटी सहित नगद /डीडी के रूप में नीलामी स्थल पर करना होगा व संबन्धित माल को नीलामी तिथि से 10 दिनों के अंदर रेलवे परिक्षेत्र से अपने जोखिम एवं खर्चे पर संबन्धित पार्टी को हटाना होगा। इस संबंध में रेलवे प्रशासन द्वारा किसी भी प्रकार की ज़म्मिेदारी का वहन नहीं किया जाएगा

## जिला स्तरीय उद्यमिता कार्यशाला आज

**बिलासपुर।** रैम्प योजना के तहत छोटे एवं मझोले उद्यमियों के लिए "व्यापक उद्यमिता संवर्धन पहल के तहत एक दिवसीय जिला स्तरीय सेन्सिटाइजेशन कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। उद्योग विभाग द्वारा इस कार्यशाला का आयोजन 13 नवम्बर को सुबह 11 बजे एसेल कस्तूरी अकादमी, राजगुरु कैम्पस, चोरभट्ठी कला, कोटा रोड, गनियारी में किया जाएगा। कार्यशाला का उद्देश्य जिले के एमएसएमई उद्यमियों, महिला उद्यमियों, स्व-सहायता समूह सदस्यों एवं युवाओं को सरकारी योजनाओं, वित्तीय सहायता, कौशल विकास, ई-कॉमर्स, ब्रांडिंग, निर्यात और बाजार विस्तार से संबंधित जानकारी प्रदान करना है। यह कार्यशाला जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र एवं निटकॉन लिमिटेड के सहयोग से आयोजित की जा रही है। अधिक जानकारी के लिए मनोज वर्मा से संपर्क कर सकते हैं।

## करोना चौक तक नाली निर्माण बनी मुसीबत

**बिलासपुर।** जूनी लाइन से करोना चौक तक इन दिनों नाली निर्माण का काम चल रहा है, लेकिन इस दौरान नियमों को ताक पर रख दिया गया है। रोजाना भीड़ के चलते यहां रास्ता जाम रहता है, वहीं अस्पताल व जांच सेंटरों में पहुंचने वाले लोगों को मशक्कत उठानी पड़ रही है। इस दौरान सड़क पर ही मलबा रख दिया गया है, जिससे जाम की स्थिति विकट हो जाती है।

## रेलवे पेंशन के लिए विशेष कैंप

**बिलासपुर।** पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग के निर्देशानुसार सभी जोनल रेलवे में 30 नवंबर तक राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र अभियान 4.0 आयोजित किया गया है। इस अभियान का उद्देश्य पेंशनभोगियों के डिजिटल सशक्तिकरण को बढ़ावा देना और उन्हें अपने घर से या अपनी पेंशन वितरण बैंक शाखा से डिजिटल रूप में जीवन प्रमाण पत्र जमा करने में सुविधा प्रदान करना है। इसके तहत मंडल के सेवानिवृत्त रेलकर्मियों एवं उनके परिजन की सुविधा के लिए 28 नवंबर तक विशेष कैंप का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें फेस आधारित डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट निःशुल्क बनाए जाएंगे। यह कैँप अलग-अलग दिन में ब्रजराजनगर, रायगढ़, उमरिया, चांपा, बिलासपुर के एनई इंस्टीट्यूट, कोरबा, शहडोल, अनूपपुर, पेण्ड्रारोड, मनेन्द्रगढ़ स्टेशन में होगा।

**समिति प्रबंधक और ऑपरेटरों की हड़ताल जारी** | शासन ने वैकल्पिक व्यवस्था के लिए जारी किया आदेश

# राजस्व, कृषि, खाद्य और सहकारिता विभाग के कर्मचारियों को धान खरीदी का जिम्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

15 नवंबर से समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी प्रारंभ होनी है, लेकिन सहकारी समितियों में प्रबंधक, ऑपरेटर सहित सारे कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। ऐसे में धान खरीदी की कमान चार विभागों के कर्मचारियों को सौंपने की तैयारी है। शासन द्वारा राजस्व, कृषि, खाद्य एवं सहकारिता विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को वैकल्पिक रूप से धान खरीदी में संलग्न करने के आदेश जारी किए गए हैं।

प्रदेश में पंद्रह नवंबर से धान की खरीदी प्रारंभ होने वाली है, जिसके लिए अब केवल दो दिन शेष रह गए हैं। खरीदी से पहले वृहद स्तर पर तैयारी करनी होती है, लेकिन ऐन मौके पर सहकारी समिति के कर्मचारियों ने अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल प्रारंभ कर दी है। इससे पहले कि धान खरीदी की व्यवस्था प्रभावित हो सरकार ने वैकल्पिक रूप से अन्य विभागों को धान खरीदी से जोड़ने की योजना बनाई है। इसके अंतर्गत इस साल राजस्व विभाग, कृषि विभाग, खाद्य विभाग एवं सहकारिता विभाग मिलकर धान खरीदी की व्यवस्था सम्हालेंगे। जिले में 130 सहकारी समितियां हैं, लेकिन उपार्जन केंद्रों की संख्या 140 है। प्रत्येक समितियों में चार से पांच कर्मचारी पदस्थ होते हैं, जिनमें समिति प्रबंधक, कंप्यूटर ऑपरेटर, लेखापाल, विक्रेता एवं भृत्य शामिल हैं। फिलहाल बीते पंद्रह दिनों से सारे कर्मचारी एक साथ हड़ताल पर हैं।

शासन द्वारा कर्मचारियों को काम पर वापसी की लगातार समझाइश देने, लेकिन वापसी नहीं होने के बाद अब वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है। इसके तहत चार विभागों के जमीनी स्तर के अधिकारियों व कर्मचारियों को धान खरीदी व्यवस्था की कमान सौंपी जा रही है। शासन स्तर से इस संबंध में आदेश जारी हो चुके हैं, वहीं जिला स्तर पर गुरुवार को धान खरीदी केंद्रवार अधिकारियों व कर्मचारियों की वैकल्पिक सूची जारी कर दी जाएगी।

### मार्कफेड करेगा कर्मचारियों की व्यवस्था

सहकारी समितियों में समिति प्रबंधक के स्थान पर वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में भी शासकीय कर्मचारी को ही धान खरीदी प्रभारी नियुक्त किया जाएगा। इसी तरह कंप्यूटर ऑपरेटर के स्थान पर कर्मचारी की व्यवस्था मार्कफेड द्वारा की जाएगी। इसके अंतर्गत मार्कफेड द्वारा कंप्यूटर ऑपरेटर के विकल्प के रूप में निजी क्षेत्र से वेंडरों की नियुक्ति करने की तैयारी है। यह व्यवस्था जिले के सभी 140 उपार्जन केंद्रों में रहेगी।

### की जा रही वैकल्पिक व्यवस्था

सहकारी समितियों में कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल के कारण धान खरीदी प्रभावित न हो, इसके लिए वैकल्पिक तौर पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संलग्न किया जा रहा है।
-संजय अग्रवाल, कलेक्टर बिलासपुर

### जारी हो चुके हैं निर्देश

सहकारी समितियों के कर्मचारियों की हड़ताल के कारण राजस्व, कृषि, खाद्य एवं सहकारिता विभाग के कर्मचारी मिलकर धान खरीदी की व्यवस्था सम्हालेंगे। इस संबंध में शासन से स्पष्ट निर्देश जारी हो चुके हैं। धान खरीदी किसी भी स्थिति में प्रभावित नहीं होगी।
-चंद्रशेखर जायसवाल, उपायुक्त, सहकारिता विभाग

मौजूदा स्थिति में बृहस्पति बाजार में 450 चबूतरे और 30 से ज्यादा गोदामनुमा दुकानें

**बृहस्पति बाजार में मल्टी लेवल बनाने की योजना बंद**

# 13 करोड़ की स्वीकृति के बाद भी दो साल में जगह नहीं खोज सके

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शासन के पास न तो पैसे की कमी है और ना ही जगह की। कमी है तो बस इच्छाशक्ति और सोच की। और यही दो चीजें बिलासपुर में बड़े प्रोजेक्ट पर काम नहीं करने दे रही है। अब ताजा मामले में देखिए कि शहर के प्रमुख चिल्हर सब्जी बाजारों में से एक बृहस्पति बाजार को मल्टी लेवल सब्जी बाजार बनाए जाने की योजना खत्म कर दी गई है। बड़े जोर शोर से बनी इस योजना के साथ सब्जी विक्रेताओं को सपने दिखाए गए थे। जिला खनिज न्यास (डीएमएफ फंड) से 13 करोड़ 39 लाख रुपए की स्वीकृति भी मिल गई थी। ठेका प्रक्रिया भी पूरी कर ली गई थी लेकिन निगम दो सालों में इसके लिए जगह ही तय नहीं कर सका। अब योजना फिलहाल बंद हो गई है और अधिकारी इसे नए सिरे से शुरू करने की बात कह रहे हैं।

- बड़ा प्रोजेक्ट तो बना लेकिन सब कुछ कागजों में ही रह गया, सुबह से शाम रहता है जाम

अलग खबर

गौरतलब है कि मौजूदा स्थिति में बृहस्पति बाजार में 450 चबूतरे और 30 से ज्यादा गोदामनुमा दुकानें हैं लेकिन, चिल्हर में सब्जी बेचने वालों की संख्या 600 से ज्यादा है। ऐसे में इन्हें बाजार के बाहर सड़क किनारे अस्थायी सब्जी दुकान लगानी पड़ती है। इसी तरह ऐसे भी सब्जी बेचने वाले हैं, जिन्हें दुकान लगाने के लिए जगह तक नहीं मिल पाती। ऐसे में इन्हें फेरी लगाने के लिए मजबूर होना पड़ता है। सब्जी खरीदने पहुंचने वालों को भी अव्यवस्था का सामना करना पड़ता है। इस तरह की दिक्कतों को देखते हुए ही डीएमएफ फंड से मल्टी लेवल सब्जी बाजार निर्माण का निर्णय लिया गया था। इसके बाद लेकिन सब कुछ कागजों में ही रह गया।



बृहस्पति बाजार के बाहर खड़े वाहन।



### सुबह से शाम तक जाम की स्थिति

गौरतलब है कि बृहस्पति बाजार शहर का प्रमुख सब्जी बाजार है। ऐसे में यहां सुबह से भीड़ लग जाती है। पार्किंग की कोई खास व्यवस्था नहीं होने के कारण सड़क पर ही लोग गाड़ियां खड़ी कर देते हैं। सब्जी वाले भी सड़क पर सब्जी बेचते हैं। इसके साथ ही फलवालों के ठेले भी सड़क को घेर लेते हैं। इसकी वजह से हमेशा जाम की स्थिति रहती है। इसके साथ ही फल ठेले वालों के लिए भी कोई जगह सुनिश्चित नहीं है। इसकी वजह से उन्हें सड़क पर ठेले लगाने पड़ते हैं। बृहस्पति बाजार होने की वजह से उन्हें भी यहां पर फल ठेला लगाना होता है। छत्तीसगढ़ स्कूल चौक से फल ठेला लगने लगते हैं, जो मिशन स्कूल होते हुए देवकीनंदन स्कूल तक लगते हैं।

### मिशन स्कूल प्रबंधन ने जगह नहीं दी

जोर शोर से बनी इस योजना के तहत बृहस्पति बाजार के पुर्नविकास और कायाकल्प करने के लिए यहां व्यवसाय कर रहे सब्जी विक्रेताओं को निर्माण तक के लिए पास में ही मिशन स्कूल मैदान में अस्थायी बाजार बनाकर देने की बात थी। व्यापारियों के शिफ्टिंग के पहले स्कूल मैदान में 224 चबूतरों का निर्माण करने की योजना बनी। शेड भी लगाया जा रहा था ताकि बारिश और धूप से बचा जा सके। अस्थायी टायलेट और पानी की व्यवस्था भी हो रही थी लेकिन मिशन स्कूल प्रबंधन ने जगह देने से मना कर दिया। इस कारण सब्जी व्यापारियों की शिफ्टिंग नहीं हो सकी और निगम को दूसरी जमीन भी नहीं मिली।

### इस तरह था पूरा प्रोजेक्ट

निगम ने जो योजना बनाई थी उसके तहत इस मल्टी लेवल सब्जी मार्केट के बेसमेंट में पार्किंग व्यवस्था होनी थी। एक तरह से यह सुपर मार्केट या माल की तरह बनाया जाना था। प्रथम तल पर सब्जी विक्रेताओं के लिए चबूतरे और द्वितीय तल पर थोक सब्जी विक्रेताओं के लिए 66 दुकानें बनाई जानी थीं। दोनों तरफ से सीढ़ी और लिफ्ट की सुविधा भी थी। साथ ही महिला-पुरुषों के लिए अलग-अलग वाशरूम बनना था। पुर्नविकास और कायाकल्प के तहत नए बाजार में ग्राउंड फ्लोर में 242 बड़े आकार के चबूतरें बनाएं जाने जाने थे। जो कि 7 बाई 10 के आकार का रहता। प्रत्येक चबूतरे के नीचे स्टोरेज के लिए दरवाजे की सुविधा के साथ स्थान भी था। इसके साथ ही भवन के बेसमेंट में 50 कार और 170 बाइकों के लिए पार्किंग बननी थी। आगजनी जैसी घटनाओं को रोकने के लिए फायर फाइटिंग सिस्टम की भी योजना थी।

### नए सिरे से काम किया जाएगा

बृहस्पति बाजार को मल्टी लेवल सब्जी बाजार बनाए जाने की योजना जगह की कमी के कारण फिलहाल रोक दी गई है। नए सिरे से प्रोजेक्ट पर काम किया जाएगा। योजना के लिए डीएमएफ से कोई फंड नहीं मिला था, सिर्फ स्वीकृति ही थी।
- **खजांची कुम्हार,** अपर आयुक्त नगर निगम

# जोन के तीन बड़े स्टेशनों के काम दिए जाएंगे निजी हाथों में

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन के तीन बड़े स्टेशनों बिलासपुर, रायपुर और दुर्ग को एयरपोर्ट की तरह बनाने का काम किया जा रहा है, जहां रेल प्रशासन ने क्लीनिंग से लेकर कैटरिंग, पार्किंग, बुकिंग व अन्य कार्यों को एक ही व्यक्ति की जिम्मेदारी में देने का विचार कर रही है।



- बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग स्टेशन शामिल

बुधवार की दोपहर जोन मुख्यालय में प्रेसवार्ता के दौरान एसईसीआर के पीसीसीएम प्रवीण पाण्डेय ने बताया कि आईएसएफएम एक सार्वजनिक निजी भागीदारी मॉडल है, जहां निजी कंपनी सफाई, खानपान और पार्किंग जैसी गैर मुख्य स्टेशन सेवाओं का प्रबंधन करती है। इस प्रणाली का उद्देश्य एक ही निजी आपरेटर को प्रबंधित आधुनिक, हवाई अड्डे जैसी सुविधाओं कें माध्यम से यात्री अनुभव और स्टेशन दक्षता में सुधार करना है। एसईसीआर के अंतर्गत आईएसएफएम मॉडल को प्रमुख पुनर्विकसित स्टेशन बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग पर पायलट चरण में शुरु किया जा रहा है। इसके अलावा प्रमुख स्टेशनों पर प्रीमियम सिंगल ब्रांड आउटलेट गैर खानपान का कार्य किया जाएगा। इसमें बिलासपुर के साथ प्रमुख स्टेशन रायपुर, दुर्ग, भाटापारा, भिलाई पावर हाउस पर प्रीमियम सिंगल ब्रांड रिटेल आउटलेट गैर खानपान स्थापित करने के लिए ईओआई आमंत्रित किए गए हैं, जिसमें यात्रा सहायक उपकरण, परिधान और फैशन, जूते और खेल के कपड़े, छत्तीसगढ़ के स्थानीय प्रीमियम ब्रांड शामिल है। इसकी प्रारंभिक अवधि 5 वर्ष है, जिसे प्रदर्शन के आधार पर 9 वर्ष तक बढ़ाई जा सकती है। इससे यात्रियों और स्टेशन उपयोगकर्ताओं के लिए खुदरा मिश्रण समृद्ध होगा। स्थानीय ब्रांडों को बढ़ावा मिलने के साथ किराए और लायसेंसिंग राजस्व में वृद्धि होगी। उन्होंने बताया कि सभी अमृत भारत स्टेशन पर अनुमोदित मास्टर प्लान के माध्यम से वाणिज्यिक विकास क्षेत्रों की पहचान की गई है। चिन्हित क्षेत्रों में मल्टी फंक्शनल वाणिज्यिक एमएफसी परिसर होंगे जो यात्री सुविधाएं, खुदरा, आतिथ्य, कार्यालय और मनोरंजन प्रदान करेंगे। प्रमुख स्टेशन बिलासपुर, रायपुर और दुर्ग पर स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में भीड़भाड़ कम करने के लिए स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में प्रवेश करने से पहले, पहुंच मार्गो से सटी खाली रेलवे जमीन पर एक हास्टिंग वे सुविधा स्थापित की जाएगी। वाहन इस वे में सीमित समय के लिए न्यूनतम शुल्क पर रूक सकते हैं। इसके बाद वे यात्रियों को चढ़ाने व उतारने के लिए निर्दिष्ट पिक ड्राप एंड गो जोन में चले जाएंगे।



### 150 ई कैटरर्स करना है तैयार

उन्होंने बताया कि ई-कैटरिंग पालिसी यात्रियों को अपने सफर के दौरान आफिशियल आईआरसीटीसी प्लेटफार्म और आथराइज्ड वेंडर्स के जरिए आनलाइन भोजन आर्डर करने की सुविधा देती है। जोन में यह सुविधा 14 स्टेशनों पर उपलब्ध है। रेलवे आईआरसीटीसी के साथ मिलकर अपने स्टेशनों पर विशेष रूप से अमृत भारत योजना के तहत आने वाले स्टेशन में आथराइज्ड ई कैटरिंग एग्रीगेटर्स की संख्या बढ़ाने के लिए सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है, जिसके अनुसार करीब 150 ई कैटरर्स तैयार किया जाना है। ट्रेन के अंदर नॉन कैटरिंग आइटम प्रीमियम ट्रेनों को छोड़कर के लिए वेंडिंग लाइसेंस खास सेक्शन में ई आक्शन के जरिए दिया गया है। रायपुर और नागपुर डिवीजन ने पहले ही यह कांट्रेक्ट दे दिया है, जल्द ही बिलासपुर डिवीजन में भी इसे लागू किया जाएगा।

### 300 से अधिक को रोजगार

पीसीसीएम प्रवीण पाण्डेय ने बताया कि रेलवे में अनारक्षित और आरक्षित बुकिंग का कार्य भी अब आनलाइन पद्धति से शुरु कर दिया गया है। बेरोजगार जो यह कार्य में लगे हैं, उसमें एसटीबीए के कार्य में 18 से 20 हजार रुपए, एटीवीएम में एवरेज 27 से 30 हजार रुपए, वायटीएसके यानि घर में बुकिंग व नार्मल टिकिट की सुविधा के तहत 50 से 58 हजार रुपए मिल जाते हैं। इसके लिए करीब 300 से अधिक बेरोजगारों को रोजगार मिल सकते हैं।

### 35 साल के लिए जमीन लीज पर

पीसीसीएम प्रवीण पाण्डेय ने बताया कि बिलासपुर, रायपुर और दुर्ग में रेलवे की जमीन काफी है, जो खाली पड़ी हुई है। इन खाली जमीनों को रेलवे ने लीज पर देने का निर्णय लिया है। लीज यानि कोई भी बिजनेसमैन व अन्य व्यक्ति कुछ कार्य करना चाहते हैं तो वे रेलवे से संपर्क करने के बाद उक्त स्थान पर स्ट्रक्चर तैयार कर अपनी व्यापार शुरु कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें 35 साल के लिए जमीन लीज पर दी जाएगी। 35 साल की समाप्ति के बाद वह स्थान रेलवे के पास वापस हो जाएगा।

# मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने आठ महीने से घुमा रहा सचिव, नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

महिला की मृत्यु मार्च महीने में होने के बाद पेंड्री के पंचायत सचिव द्वारा परिजनों को मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करना तो दूर आज दिनांक तक इसके लिए पंजीयन तक नहीं किया गया। लगातार मिन्नतें करने के बाद भी प्रमाणपत्र जारी नहीं करने के कारण मृत महिला की बहन ने इस संबंध में रजिस्ट्रार जन्म एवं मृत्यु विभाग को शिकायत प्रस्तुत की है। जिला योजना एवं सांख्यिकीय विभाग ने इसे गंभीर अपराध मानते हुए सचिव को नोटिस जारी किया है।

- बहन ने लगाई रजिस्ट्रार जन्म मृत्यु के समक्ष गुहार

तखतपुर ब्लॉक के पेंड्री ग्राम पंचायत निवासी रजनी कौशिक पिता स्व.पतराखन कौशिक की मृत्यु मार्च 2025 को हो गई थी। मृत्यु के बाद संबंधित का पंचनामा प्रमाणपत्र बनाया गया, जिसमें सरपंच एवं सचिव द्वारा भी हस्ताक्षर किया गया है। इसके विपरीत मृत्यु प्रमाणपत्र जारी करने के लिए पेंड्री सचिव द्वारा आज दिनांक तक पंजीयन तक नहीं किया गया। प्रमाणपत्र के लिए मृतक की बहन सरोजनी कौशिक द्वारा लगातार प्रयास किया गया, लेकिन सचिव के द्वारा साफ तौर पर प्रमाणपत्र बनाने से इंकार कर दिया गया। इस बात की शिकायत परिजनों द्वारा रजिस्ट्रार जन्म एवं मृत्यु विभाग को की गई थी। शिकायत के बाद रजिस्ट्रार द्वारा सचिव को नोटिस जारी कर तत्काल प्रभाव से संबंधित का पंजीयन करने अन्यथा इस संबंध में कलेक्टर को नस्ती प्रस्तुत करने की बात कही गई थी। नोटिस मिलते ही सचिव द्वारा मृतक के मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने हेतु पंजीयन की प्रक्रिया पूरी कर ली गई।

### सूचना के पंद्रह दिनों के भीतर होना है जारी

लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत शासन द्वारा स्पष्ट रूप से निर्देश दिया गया है कि जनहित के कार्यों को निर्धारित समयसीमा में अनिवार्य रूप से पूरा किया जाना है। इसके अंतर्गत जन्म एंव मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने के लिए जारीकर्ता रजिस्ट्रार को जन्म या मृत्यु संबंधी परिजनों से सूचना प्राप्त होने के पंद्रह दिनों के भीतर अनिवार्य रूप से प्रमाणपत्र जारी कर दिया जाना है।

### की गई थी शिकायत

पेंड्री के सचिव द्वारा मृत महिला का मृत्यु प्रमाणपत्र जारी नहीं करने संबंधी शिकायत परिजनों के द्वारा की गई थी। इस संबंध में संबंधित सचिव को नोटिस जारी किया गया था। नोटिस जारी होने के बाद उक्त सचिव द्वारा 12 नवंबर को मृत्यु प्रमाणपत्र जारी करने हेतु पंजीयन कर लिए जाने की जानकारी दी गई है।
-अतुल कुमार पटेल, रजिस्ट्रार, जन्म एवं मृत्यु

# क्राइम मीटिंग के पहले महिला थाना टीआई लाइन अटैच

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एसएसपी ने क्राइम मीटिंग के पहले शिकायत के आधार पर महिला थाना टीआई को लाइन अटैच कर दिया है। कार्रवाई से थाना प्रभारियों में हड़कंप मच गया था।

बुधवार की रात 9 बजे एसएसपी रजनेश सिंह के द्वारा जिले के थानेदारों की क्राइम मीटिंग लेने वाले थे। सुबह से राजपत्रित अधिकारी व थानेदार क्राइम मीटिंग की तैयारी कर रहे थे। क्राइम मीटिंग के पहले शाम को एसएसपी सिंह ने शिकायत के आधार पर महिला थाना टीआई लक्ष्मी चौहान को लाइन अटैच कर दिया। एसएसपी की कार्रवाई से जिले थानेदारों में हड़कंप मच गया। सूत्रों के मुताबिक पूर्व में थाना स्टाफ के द्वारा टीआई चौहान के खिलाफ लेनदेन करने दबाव बनाने की लिखित शिकायत की गई थी। इसके अलावा महिला संबंधी अपराध में पीड़ितों के द्वारा एफआईआर नहीं लिखने की एसएसपी से शिकायत की जा रही थी। बताया जाता है पिछले साल वर्ष 2024 में महिला थाना में करीब 100 मामले में एफआईआर दर्ज की गई थी। किन्तु वर्ष 2025 में अब तक मात्र 60 मामले मे एफआईआर दर्ज की गई है। एसएसपी श्री सिंह ने कहा महिला थाना टीआई चौहान को लाइन अटैच कर दिया गया है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

# नशे में बोलेरो चालक ने भाजपा नेता की कार को मारी टक्कर, क्षतिग्रस्त

**बिलासपुर।** सड़क किनारे खड़े होकर दोस्त से बातचीत कर रहे भाजपा नेता की कार को नशे में बोलेरो के चालक ने टक्कर मार दी, जिससे उनकी कार क्षतिग्रस्त हो गई है। पुलिस ने बोलेरो चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

सरकण्डा टीआई प्रदीप आर्या ने बताया, देवनंदन कालोनी अशोकनगर निवासी अमित शर्मा ने रिपोर्ट लिखाई। 11 नवंबर की रात 140.30 बजे उनका मित्र भाजपा नेता देवर्षी बाजपेयी अपनी कार क्रमांक सीजी 10 एपी, 4099 में छोड़ने के लिए घर जा रहा था। कपिल नगर मेन रोड के किनारे गाड़ी खड़ी कर दोनों बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान बोलेरो क्रमांक सीजी 12 बीएन, 7213 के चालक ने तेज गति से लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उनकी खड़ी कार को टक्कर मार दी और भाग गया, जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गई है। आसपास के लोगों ने दौड़ाकर पकड़ा तो बोलेरो चालक के मुंह से शराब की गंध आ रही थी। लोगों ने गाड़ी सहित चालक को पुलिस को सौंप दिया है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर बोलेरो चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।



16 दिसंबर 2025 | 11 दिन की यात्रा
By Train-रिजर्वेशन कोच
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री भेंट द्वारिका, सोमनाथ, नागेश्वर, ओमकालेश्वर, महाकालेश्वर, एलोरा गुफा, भीमाशंकर, घृष्नेश्वर, ममलेश्वर, रूखमणि मंदिर, गोपी तालाब, त्रयम्बकेश्वर, शिरडी सांई बाबा, शनि सिंघ्नापुर, नाशिक, पंचवटी, हनुमान जन्म स्थल
राशिः स्लीपर-18501/- ऑफर 16,501/-, 3AC-28,501/-ऑफर 26,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com

बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर | सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411